

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 328

ग्वालियर, शुक्रवार, 21 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### योगी के खिलाफ चुनाव लड़ने पर चंद्रशेखर बोले हो सकती है गिरफ्तारी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर सदर सीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव का ऐलान करने वाले आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। भीम आर्मी के संस्थापक ने दावा किया कि एक अधिकारी ने उन्हें फोन करके यह सूचना दी है। चंद्रशेखर ने कहा कि भले ही उन्हें फांसी चढ़ा दिया जाए। चंद्रशेखर ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, मुझे पार्टी का आदेश हुआ है कि आपको गोरखपुर सदर से चुनाव लड़ना है। मैं भीम आर्मा और आजाद समाज पार्टी के आदेश का पालन करूंगा और गोरखपुर से लड़ने जा रहा हूं। आजाद से जब पूछा गया कि उनके लिए गोरखपुर सीट क्यों चुनी गई तो चंद्रशेखर ने कहा, पिछले 5 साल में जो अन्याय-अत्याचार बहुजन समाज के लोगों ने यूपी में सही उसके लिए सिर्फ सीएम योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। चंद्रशेखर आजाद ने योगी के खिलाफ मुकाबले को आसान बताया और कहा कि मुकाबला करने के लिए कुछ है ही नहीं। भीम आर्मी के नेता ने कहा कि जब चुनाव शुरू होगा तो मुख्यमंत्री कहीं और जा ही नहीं पाएंगे वहीं चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, अभी-अभी मुझे एक अधिकारी का फोन आया कि आपकी गिरफ्तारी हो सकती है। मैंने कहा कि फांसी चढ़ा दीजिए, लेकिन यदि मुख्यमंत्री सोचते हैं कि मैं डर जाऊंगा तो मैं नहीं डरूंगा।

### दौलत में अंबानी को फिर टक्कर देने लगे अडानी

**नई दिल्ली।** दौलत के मामले में भारत के दो अरबपति- मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच एक बार फिर टक्कर हो सकती है। दरअसल, गौतम अडानी की दौलत में लगातार बढ़ोतरी की वजह से उनकी रैंकिंग भी सुधर गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक अडानी समूह के मुखिया गौतम अडानी की दौलत 89.1 बिलियन डॉलर है जबकि रैंकिंग 12वीं है। गौतम अडानी से एक कदम आगे रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं। मुकेश अंबानी की दौलत 95.9 बिलियन डॉलर है और वह दुनिया के 11वें सबसे रईस अरबपति की कुर्सी पर बरकरार हैं। हालांकि, साल दर साल आधार पर गौर करें तो गौतम अडानी की दौलत में 12.6 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है जबकि इसी अवधि में मुकेश अंबानी की दौलत 5.95 बिलियन डॉलर बढ़ी है। आपको बता दें कि बीते साल भी कई ऐसे मौके आए जब दौलत के मामले में गौतम अडानी और मुकेश अंबानी एक दूसरे के बेहद करीब थे। हालांकि, मुकेश अंबानी ने बढ़त बरकरार रखी। गौतम अडानी की दौलत में बढ़ोतरी में सबसे बड़ी भूमिका अडानी ग्रीन की रही है। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी अडानी ग्रीन के स्टॉक ने सिर्फ पांच कारोबारी दिन में 18 फीसदी की बढ़त दर्ज की है। वहीं, बीते एक माह में 45 फीसदी की तेजी आई है। बता दें कि अडानी ग्रीन के पास देश भर में सौर, पवन और हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं का मिश्रण है। अडानी ग्रीन के अलावा शेयर बाजार में समूह की 5 कंपनियां लिस्टेड हैं। इन कंपनियों के स्टॉक्स में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

### मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर को भाजपा ने नहीं दिया टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए अपने 34 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। प्रदेश की कुल 40 सीटों में अब 6 उम्मीदवारों पर ही फैसला होना बाकी है। सबसे अहम बात यह है कि पार्टी ने पणजी सीट से आटांसियो मोंसेराते को ही टिकट दिया है। इस सीट से पूर्व सीएम मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर दावेदारी ठोक रहे थे और पार्टी को नसीहत भी दे चुके थे कि यदि भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया तो वह चुप नहीं बैठेंगे। अब पार्टी की लिस्ट से साफ है कि उसने उत्पल पर्रिकर को पणजी से चुनाव न लड़ाने का फैसला लिया है। हालांकि उन्हें मनाने के लिए पार्टी की ओर से प्रयास जारी हैं। पिछले दिनों दिल्ली से कई नेताओं ने उत्पल पर्रिकर से संपर्क साधा था और उन्हें दूसरे विकल्पों पर विचार करने को कहा था। पार्टी नेताओं का कहना था कि वह पणजी सीट के अलावा कहीं और से लड़ सकते हैं। इसके अलावा उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी शामिल होने का ऑफर दिया गया है। भाजपा ने जिन 34 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया है, उनमें से 9 अल्पसंख्यक समुदाय के हैं।

### जदयू ने बीजेपी को दिखाए तेवर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर वहां की 51 सीटों और उनके उम्मीदवारों की सूची जदयू ने तैयार कर ली है। अगर शीघ्र भाजपा के साथ गठबंधन पर निर्णय नहीं होता है तो जदयू इस सूची को जारी कर देगा। उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची को जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने स्वीकृत कर वहां के प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल को अधिकृत कर दिया है।

---

पाकिस्तान के मशहूर बाजार में आतंकी हमला

# लाहौर के अनारकली मार्केट में ब्लास्ट, 4 की मौत, बाइक में किया गया था बम प्लांट

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में एक और आतंकी हमला हुआ। गुरुवार दोपहर लाहौर के ऐतिहासिक और मशहूर अनारकली बाजार में बम धमाका हुआ। इसमें चार लोग मारे गए औ 20 घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर की हालत गंभीर बताई गई है। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बाजार में काफी भीड़ रहती है और यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं। यहां बेतरतीब ट्रैफिक के बीच एक बाइक खड़ी थी। इसमें ही इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस यानी IED लगाया गया था।

**बढ़ सकती है मरने वालों की तादाद:** लाहौर पुलिस के प्रवक्ता राना आरिफ ने 'डॉन न्यूज' को बताया- घटना गुरुवार दोपहर की है। यहां के अनारकली बाजार में उस वक्त काफी भीड़ थी। यहां अमूमन लोग कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। जहां से लोगों के गुजरने का मुख्य रास्ता है, उसी रास्ते में एक बाइक खड़ी की गई थी। इसमें IED प्लांट किया गया था। इसमें ही धमाका हुआ। पुलिस ने मरने वालों की संख्या 3 बताई है, जबकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि चार लोगों ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था। 20 लोग घायल हैं। इनमें से ज्यादातर की हालत गंभीर है। सभी को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।



## जांच के आदेश

लाहौर पंजाब प्रांत का शहर है। यहां के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। नेशनल एंटी टेरर डिपार्टमेंट को जांच सौंपी गई है। बुजदार ने इस मामले में 24 घंटे के अंदर पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि शहर के कुछ और हिस्सों में भी इसी तरह के हमले हो सकते हैं। लिहाजा, फौज की बम डिस्पोजल स्क्वॉड को तैनात कर दिया गया है।

### जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली

इस घटना की अब तक किसी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सीधा और पहला शक तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी अ्अक्कपर है। पाकिस्तान सरकार और अ्अक्कके बीच पिछले महीने संघर्ष विराम समझौता खत्म हो गया था। तब अ्अक्कने धमकी दी थी कि वो पाकिस्तान सरकार को अब आईना दिखाएगा कि किस तरह वो इस्लाम के नाम पर अवाम से धोखा कर रही है। TTP के ज्यादातर नेता और आतंकी इन दिनों अफगानिस्तान में हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान ने अ्अक्कके एक पूर्व प्रवक्ता को सैन्य कार्रवाई में मार गिराया था। इसके बाद आतंकी संगठन ने बदला लेने की धमकी दी थी। अफगानिस्तान तालिबान ने पाकिस्तान सरकार से कहा था कि वो अ्अक्कसे बातचीत के जरिए मुद्दे सुलझाए।

---

# उत्तर भारत के राज्यों में बढ सकता है सर्दी का कहर

## दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत कई राज्यों में हो सकती बारिश



**नई दिल्ली।** देश के उत्तर भारत के कई राज्यों में सर्दी का कहर और बढ़ सकता है। शनिवार और रविवार को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर पश्चिम भारत के कई राज्यों में बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यह स्थिति बन सकती है। इन इलाकों में शुक्रवार की रात से ही बारिश शुरू हो सकती है, जो अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। यही नहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी में यह बारिश गुरुवार से ही शुरू हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, हिमाचल प्रदेश, मुजफ्फराबाद और उत्तराखंड में बारिश हो सकती है। ऊपरी इलाकों में बर्फबारी होने की उम्मीद है और निचले इलाकों में बारिश से पारा और लुढ़क सकता है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और यूपी में बीते कई दिनों से खुलकर धूप नहीं निकल रही है और इसके चलते लोगों को भीषण सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर शीतलहर का कहर लोगों को झेलना पड़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश के चलते पारा थोड़ा और लुढ़क सकता है।इससे साफ है कि इस महीने के अंत तक सर्दी का सितम फिलहाल जारी रहेगा।

---

# मेरिट के खिलाफ नहीं है कोटा केंद्र का फैसला सही: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट (ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा-पीजी आरक्षण मामले में गुरुवार को कहा कि परीक्षाएं आर्थिक सामाजिक लाभ को नहीं दर्शाती हैं जोकि कुछ वर्गों को मिला है, इसलिए योग्यता को सामाजिक रूप से प्रासंगिक बनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मेडिकल सिलेबस में पीजी कक्षाओं में दाखिले से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-2021-22 (नीट-पीजी) मामले की काउंसलिंग एवं नामांकन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की अनुमति देने के संबंध में वस्तृत आदेश पारित करते हुए कहा कि आरक्षण योग्यता के विपरीत नहीं है। पीठ ने गत सात जनवरी को दिए अपने अंतरिम आदेश के संदर्भ में वस्तृत कारण बताते हुए कहा कोरोना महामारी के इस दौर में हमें डॉक्टरों की सख्त आवश्यकता है। ऐसे में किसी भी न्यायिक हस्तक्षेप से इस साल प्रवेश प्रक्रिया में देरी होती, पात्रता योग्यता में कोई बदलाव और दोनों पक्षों की ओर से मुकदमेबाजी आगे बढ़ने से नामांकन में देरी होती। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह तर्क नहीं दिया जा सकता है कि जब परीक्षाओं की तारीखें तय की गईं तो ऐन वक्त पर नियमों में बदलाव किया गया।

# अपर्णा यादव के बाद सपा को फिर एक बड़ा झटका दे सकती है भाजपा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों पर अंतिम मुहर लगी। भगवा पार्टी आज किसी भी वक्त इसकी औपचारिक घोषणा कर सकती है। इसके अलावा कल अपर्णा यादव को शामिल कराने के बाद आज समाजवादी पार्टी को एक और झटका दे सकती है। भाजपा नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कल इस बात के संकेत दिए थे। यूपी में कांग्रेस के लड़की हूं, लड़ सकती हूं अभियान की पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्य को विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल कराने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज उन्हें लखनऊ में बीजेपी की सदस्यता दिलाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से प्रियंका मौर्या नाराज हैं।

---

# मौसम की मार से अन्नदाता बेहाल



■ बारिश, ओलावृष्टि के बाद अब पाला ने बढ़ाई चिंता

■ पाला गिरने से नगदी और दलहनी फसलों को होगा सबसे अधिक नुकसान

**भोपाल।** प्रदेश में विगत दिनों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से तकरीब 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें खराब हुई हैं। सरकार खराब हुई फसलों का सर्वे करा रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में एक सप्ताह से कड़ाके की सर्दी जारी है। घने कोहरे और शीतलहर से अन्नदाता के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंची हुई हैं। इसकी वजह यह है कि उन्हें पाला गिरने का डर सता रहा है। अगर पाला गिरता है तो नगदी और दलहनी फसलों को सबसे अधिक नुकसान होगा। हालांकि अभी तक पाला से नुकसान जैसे हालात नहीं बने हैं। आंशिक रूप से बागवानी वाली फसलों जैसे आलू और धनिया को नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि जनवरी से दूसरे सप्ताह में कई जिलों में बारिश, ओलावृष्टि से भले ही कुछ नुकसान हुआ हो, लेकिन खेतों में बनी नमी, अभी शीतलहर से होने वाले नुकसान को रोक रही है। महाकौशल, निमाड़, मालवा, मध्य क्षेत्र के किसानों का कहना है कि कड़ाके की ठंड जारी है। भविष्य में अगर हालात खराब हुए और पाला पड़ा तो उन्हें नुकसान होगा। वैसे भी करीब 25 जिलों के किसान बेमौसम बारिश और ओलों के कारण नुकसान झेल रहे हैं।

### फसलों को बचाने खेतों में धुआं

ओलावृष्टि से फसल खराब होने के बाद अब किसान शीतलहर से फसलों को बचाने के लिए शाम के समय खेतों में धुआं कर रहे हैं। कई किसानों ने खेतों का तापमान बढ़ाने के लिए हल्की सिंचाई भी शुरू कर दी है। सब्जी की खेती करने वाले किसान फसलों पर राख का छिड़काव कर रहे हैं। उधर, कृषि मंत्री कमल पटेल लगातार किसानों से चर्चा कर रहे हैं। गतदिनों मंत्री सड़क मार्ग से होशंगाबाद से जबलपुर जा रहे थे। हरदा जिले की तहसील खिरकिया के ग्राम परपड़वा अतरौलिया के किसानों ने मंत्री से वीडियो कॉल कर चने की फसल को हुए नुकसान को दिखाया। मंत्री ने पटवारी, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारियों को नुकसान की भरपाई आरबीसी (6-4) के प्रावधानों के तहत करने को कहा। सर्वे के बाद किसान की मौजूदगी में पंचनामा बनाकर 50 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान पर मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए।

### सब्जियों को नुकसान होगा

किसानों का कहना है कि लगातार सर्दी बनी रही तो सब्जियों को नुकसान होगा। जबलपुर के किसान राघवेंद्र सिंह पटेल का कहना है कि महाकौशल क्षेत्र में खेतों में मसूर, गेहूं, चना, मटर, शिमला मिर्च, प्याज, लहसुन और टमाटर भी है।

---

# शराब सस्ती करने पर टकराव



■ शिवराज का तर्क- अवैध बिक्री रोकने के लिए दाम घटाए

■ दिग्विजय ने कहा-अनाज महंगा और शराब सस्ती हो रही



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शराब की नई नीति का कांग्रेस ने विरोध किया है। पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने शराब सस्ती करते हुए अपनी मंशा साफ कर दी है। नई नीति के प्रावधानों से साफ हो जाता है कि सरकार घर-घर शराब पहुंचाना चाहती है। इसका जवाब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को दिया। कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराब की कीमतें इसलिए कम की जा रही हैं, ताकि अवैध रूप से होने वाली बिक्री रुके। हालांकि उन्होंने मैदानी अफसरों से कहा कि इसे लेकर सावधानी रखने की जरूरत है।

इस पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शिवराज से सवाल किया है। उन्होंने पूछा कि अवैध शराब कैसे और किसके सरंक्षण में बिक रही है? कई बार शिकायत कर चुके हैं। कलेक्टर-एसपी और भोपाल के बड़े अधिकारी और मंत्रियों के पास इसका हिस्सा पहुंच रहा है। इस पर नियंत्रण क्यों नहीं है? मरने के बाद एक्शन क्यों। उन्होंने कहा, यह शराब नीति पीने वालों की सहूलियत के लिए बनाई गई है। आम जनता के लिए नहीं है। अनाज सस्ता होना चाहिए, लेकिन अनाज महंगा और शराब सस्ती हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बोले- शिवराज ने कहा था कि नर्मदा के किनारे 5 किलोमीटर तक शराब नहीं बिकेगी, लेकिन बीजेपी नेता इस दायरे में शराब बेच रहे हैं।

### मधेपुरा में दिनदहाड़े बैंक पर बदमाशों का धावा असलहे से धमकाकर लाखों लूटे

**नई दिल्ली।** शाखा प्रबंधक चंदन ठाकुर ने बताया कि हथियारबंद अपराधी लगातार गोली मार देने की धमकी दे रहे थे। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर दराज और लॉकर से करीब 9 लाख 25 हजार रुपये ले लिये। सभी अपराधियों ने मफलर और मास्क से चेहरा को ढंका हुआ था। बैंक के भीतर पांच की संख्या में अपराधी घुसे थे और मात्र पांच मिनट में इस लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग निकले।

## पीएम मोदी से मदद मांगने पर नाराज हुए श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की 7 राजनीतिक पार्टियों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर मदद मांगने को लेकर देश के ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्रीलंकाई तमिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों ने पीएम मोदी को पत्र में लिखा था कि वहां श्रीलंका के संविधान के 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने के लिए उनकी सरकार से गुजारिश करें।श्रीलंका का 13वां संविधान संशोधन तमिलों को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने से जुड़ा हुआ है।इस बारे में श्रीलंकाई ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि श्रीलंका एक संप्रभु राष्ट्र है, भारत का हिस्सा नहीं। ये बात श्रीलंका के राष्ट्रपति के सामने उठाई जानी थी, भारतीय प्रधानमंत्री के समक्ष नहीं। श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मदद की गुहार लगाने वाली पार्टियों में शामिल टीएनए का नाम लेकर कहा कि 13वें संविधान संशोधन को लेकर उनकी जो भी चिंताएं हैं,वहां श्रीलंका के निर्वाचित राष्ट्रपति के सामने उठाई जानी थी। उन्होंने कहा, %अगर हमारे तमिल दलों को 13वें संशोधन के कार्यान्वयन के बारे में कोई चिंता या आशंका है,तब उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री के बजाय हमारे राष्ट्रपति को अपनी चिंताओं से अवगत कराना चाहिए, क्योंकि हम एक संप्रभु देश हैं और भारत का हिस्सा नहीं हैं। मंगलवार को कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त के साथ टीएनए प्रतिनिधिमंडल ने बैठक की थी।टीएनए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी नेता आर सम्पंथन ने किया।

---

# सपा का बड़ा ऐलान मैनपुरी की करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे अखिलेश यादव

**गोरखपुर।** सीएम योगी के गोरखपुर शहर से चुनाव लड़ने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी विधानसभा चुनाव में कूदने का फैसला कर लिया है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने भी इस पर मुहर लगा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इससे पहले अखिलेश के आजमगढ़ और संभल की सीटों से चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन गुरुवार को अखिलेश के चुनाव लड़ने को लेकर सपा ने स्थिति को साफ कर दिया है। आपको बता दें कि मैनपुरी सपा का गढ़ माना जाता है। इस समय मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव सांसद हैं। मैनपुरी के अलावा इटावा, फर्रुखाबाद, सैफई भी सपा का घर माना जाता है। योगी आदित्यनाथ की राह पर निकले अखिलेश यादव और चाचा शिवपाल सिंह यादव भी यूपी के चुनावी रण में कूदने जा रहे हैं। हालांकि शिवपाल यादव किस सीट से चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर अभी स्थिति साफ नहीं हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रगतिशील पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर सीट से मैदान में उतर सकते हैं। बता दें कि गोरखपुर से योगी आदित्यनाथ के चुनाव लड़ने की खबर के बाद सपा में भी अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने को लेकर हलचल शुरू हो गई थी। गुरुवार दोपहर तक समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कहां से चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर उहा-पोह की स्थिति बनी हुई थी। भाजपा नेतृत्व योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को कौशांबी की सिराथू विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाने का ऐलान कर चुका है। इसके चलते अखिलेश यादव पर चुनाव लड़ने का दबाव बन रहा था। अखिलेश यादव मौजूदा समय में आजमगढ़ के सांसद हैं। अखिलेश ने अभी तक विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा है। वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद वह विधानसभा परिषद सदस्य के बने थे। बुधवार को अखिलेश के गोपालपुर या मैनपुरी से चुनाव लड़ने की चर्चाएं शुरू हुई थीं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में स्थिति साफ करते हुए कहा कि अभी तय नहीं है कि वह कहां से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यह साफ है कि चुनाव लड़ने से पहले वह आजमगढ़ की जनता से जरूर पूछेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि वह चाहते हैं कि योगी आदित्यनाथ से पहले वह चुनाव लड़े।



न्यूज़ ट्रैक....

## वायली के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप में स्कॉटलैंड को हराया

**बासेटेरे** ।कप्तान टीग वायली के नाबाद शतक और एडेन काहिल के ऑलराउंड खेल से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अंडर-19 विश्व कप में स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में स्कॉटलैंड पर आसान जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने चार्ली टीयर के 54, थॉमस मैकिनटोश के 54 और ओलिवर डेविडसन के 33 रनों की सहायता से आठ विकेट पर 236 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से काहिल और विलियम साल्जमैन ने दोङ्कदो विकेट लिए ।इसके बाद जीत के लिए मिले 237 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 39.3 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाकर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से वायली ने 115 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की सहायता से नाबाद 101 रन बनाये। वायली ने कैंपबेल कैलावे 47 के साथ पहले विकेट के लिये 101 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। उन्होंने काहिल के साथ दूसरे विकेट के लिये 98 रन बनाये। काहिल ने सात चौके और चार छक्के लगाकर 72 रन की आक्रामक पारी खेली।

## रोहित को कप्तान बनायें : गंभीर


**नई दिल्ली** ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने का मानना है कि भारतीय टीम की टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा को दी जानी चाहिये। लोकेश राहुल को कप्तान बनाये जाने की बातों पर गंभीर ने कहा कि अभी वह समय नहीं आया है। सीमित ओवरों के साथ ही टेस्ट की कप्तानी भी एक ही व्यक्ति के पास रहनी चाहिये और इसलिए रोहित को कप्तान बनाये वह राहुल को उपकप्तानी दी जा सकती है। गंभीर ने कहहा कि राहुल के उप-कप्तान के साथ रोहित को भारत का नेतृत्व करना चाहिए। यह इसलिए क्योंकि सभी प्रारूपों में एक कप्तान भारतीय टीम की शैली और दृष्टिकोण में निरंतरता तय करेगा, विशेष रूप से यह देखते हुए कि इस साल के अंत में हमारे पास एक और टी 20 विश्व कप है। गंभीर ने यह भी कहा कि कैसे भारत की ताकत उनके टेस्ट सेटअप में बसी है और उनके पास अभी भी सफेद गेंद के प्रारूप में हल करने के लिए कई मामले हैं।

# आयरलैंड को हराकर अंडर-19 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**टारूबा** । भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम जीत के साथ ही विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने आयरलैंड को 174 रन से हराकर अंडर-19 विश्व कप के सुपरलीग क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने हरनूर सिंह की 88 रन की आक्रामक पारी और उनके सलामी जोड़ीदार अंगकृष रघुवंशी के 79 रन की सहायता से पांच विकेट पर 307 रन बनाये और इसके बाद आयरलैंड को 39 ओवर में 133 रन पर ही आउट कर दिया। भारतीय टीम की यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि कप्तान यश धुल और उप कप्तान शेख राशिद उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें परीक्षण पॉजिटिव आने के कारण अलग थलग कर दिया गया था। ऐसे में निशांत सिंधू ने टीम की कप्तानी की। हरनूर और अंगकृष ने पहले विकेट के लिये 164 रन जोड़े जिससे भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। हरनूर ने अपनी पारी में 12 चौके जबकि अंगकृष ने 10 चौके और दो छक्के लगाये जबकि कार्यवाहक कप्तान निशांत सिंधू 34 और राज बावा 42 ने तीसरे विकेट के लिये 64 रन बनाये। जवर्धन हेंगारगेकर ने डेथ ओवरों में 17 गेंदों पर 39 रन की अच्छी पारी खेलकर भारतीय टीम को 300 रनों से ऊपर पहुंचाया। इसके बाद जीत के लिए मिले 308 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम 308 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू में लड़खड़ा गयी और उसने पहले सात ओवर के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों लियाम डोहर्टी और डेविड विन्सेंट को खो दिया। इन दोनो ने सात और आठ रन बनाये। वहीं तीसरे नंबर के बल्लेबाज जैक डिकसन (शून्य) पर ही आउट हो गये। जिससे टीम ने शुरुआती तीन विकेट 17 रनों पर गंवा दिये। भारत की ओर से तेज गेंदबाज गर्व सांगवान ने 23 रन देकर दो विकेट लिए स्कॉट मैकबेथ ने 32 रन बनाये।

# कोहली विदेशी धरती पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बने

**पार्ल** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। सचिन ने इस दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। कोहली ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में नौ रन बनाने के साथ ही सचिन के विदेशी धरती पर 5065 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है। इस प्रकार अब विराट विदेशों में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। विराट ने इस मैच में तीन चौकों की मदद से 63 गेंद में 51 रन बनाये। कोहली के नाम पर अब एकदिवसीय मैचों में विदेशी धरती पर 5108 रन हो गये हैं। वहीं श्रीलंका के कुमार संगकारा (5,518) रन बनाकर विदेशी धरती पर एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। कोहली ने 27 रन पर



पहुंचने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ को सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी पीछे छोड़ दिया है। कोहली अब इस मामले में केवल सचिन से पीछे हैं जिन्होंने एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,001 रन बनाये हैं।

### पहले वनडे में भारत की 31 रन से पराजय

पार्ल (ईएमएस)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए पहले वनडे मैच को अफ्रीका ने 31 रन से जीत लिया । टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए अफ्रीका ने चार विकेट पर 296 का स्कोर बनाया था। रैसी वान डेर डूसेन ने नाबाद 129 और कप्तान तेंबा बाउमा ने 110 रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो और आर अश्विन ने एक विकेट चटकाया। टीम इंडिया के सामने 297 रन का लक्ष्य था, जिसके जवाब में टीम 265/8 रन बना सकी और मुकाबला हार गई। शिखर धवन 79 टॉप स्कोरर रहे, जबकि पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 51 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने भी अच्छी बैटिंग करते हुए नाबाद 50 रन बनाए।



*मेलबोर्न में रुस के अनासटेशिया वेवलूवेंकोवा ऑस्ट्रेलियाकी सामंता स्टूर पर जीत के बाद उत्साहित होती हुई।*




# अभी ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच बने रहना चाहते हैं लैंगर

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं। उनका अनुबंध जून में समाप्त होने वाला है पर वह इसे बढ़ाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से बात करेंगे। हाल में जिस प्रकार टीम ने एशेज सीरीज में शानदार जीत दर्ज की है। उससे भी लैंगर का कद बढ़ा है। इससे पहले भी उनके कोच रहते टीम ने पहली बार टी20 विश्व कप जीता था। लैंगर को 2018 में गेंद से छेड़छाड़ मामले के बाद टीम के रवैये को बदलने और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रेमियों का सम्मान हासिल करने के लिए कोच बनाया गया था जिससे वह सफल भी हुए हैं। लैंगर ने कहा, 'मैं कभी अपने भविष्य को लेकर तनाव में नहीं रहा। विश्व कप से पहले और एशेज से पहले हमें बेहतर तैयारियों का अवसर नहीं मिला था। इसके बाद भी टीम सफल रही है। वहीं खिलाड़ियों ने लैंगर के कोचिंग के तरीकों की आलोचना की थी पर इसके बाद उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बात की थी और कहा था कि अब सब ठीक है। पिछले चार महीनों में उन्होंने आस्ट्रेलिया को पहला टी20 विश्व कप खिताब और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला में 4-0 से जीत दिलाई।

लैंगर ने कहा, 'हमारे दो मिशन थे विश्व कप और एशेज जीतना जिसमें हम सफल रहे। इतने कम समय में यह उपलब्धि हासिल करना बहुत बड़ा प्रयास है और हम इससे संतुष्ट हैं, बहुत खुश हैं। हमें वास्तव में इन उपलब्धियों पर गर्व है। कोच पद पर बने रहने के बारे में लैंगर ने कहा, 'हम सभी ने कहा था कि एशेज के बाद हम इस पर बात करेंगे। इसलिए मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में इस पर बातचीत शुरू हो जाएगी। इस पर बात करने के लिये बहुत कुछ है। गौरतलब है कि पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, स्टीव वॉ, शेन वार्न और एडम गिलक्रिस्ट ने भी लैंगर को कोच पद पर बनाए रखने को कहा है, वहीं दूसरी ओर डेरेन लीमन ने कहा है कि जीत के साथ उन्हें पद छोड़ना चाहिये।



# अटेर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी : मंत्री डॉ भदौरिया

### सहकारिता मंत्री ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपुरा, रानी विरगवां, फूफ, समन्ना, बरही एवं रानीपुरा में 9 करोड़ 4 लाख से अधिक लागत के कई निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

भिण्ड । सहकारिता एवं लोकसेवा प्रवधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपुरा, रानी विरगवां, फूफ, समन्ना, बरही एवं रानीपुरा में 9 करोड़ 4 लाख से अधिक लागत के कई निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार कुशवाह एसडीएम अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रमों को संवोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि अटेर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि अटेर में अनेक निर्माण कार्य जारी है साथ ही कई निर्माण कार्य पूर्ण होकर उनका लोकार्पण हो गया है। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहाँ की प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप कार्य कर रही है। सभी इलाकों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश, आवागमन के लिए अच्छी सड़के आदि सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चम्बल एक्सप्रेस-वे को अटल प्रगति पथ का जो नया नाम दिया गया है उसके लिए में उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बताया कि अटल प्रगति पथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एक्सप्रेस-वे से मिलेगा। राज्य शासन इसके आसपास इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करेगा जिससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने, अटेर की ग्राम पंचायत दीनपुरा में 2 करोड़ 29 लाख 13 हजार की लागत के 3 निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 2 करोड़ 11 लाख 71 हजार कीलागत की कनकूरा-मिर्चोली नवीन सड़क का शिलान्यास, 14 लाख 38 हजार की लागत के पंचायत भवन दीनपुरा का लोकार्पण एवं 2 लाख 94 हजार की लागत के उपार्जन चबूतरे का लोकार्पण किया। रानी विरगवां में 51 लाख 59 हजार की लागत के 4 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 20 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का लोकार्पण, 24 लाख 83 हजार की लागत की सुदूर सम्पर्क सड़क का लोकार्पण, 3 लाख 43 हजार लागत के सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण एवं 3 लाख 33 हजार लागत के कचरा प्रवंधन शेड का लोकार्पण किया। फूफ में 3 करोड़ 74 लाख 63 हजार की लागत के 11 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 1 करोड़ की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय भवन का लोकार्पण, 25 लाख की लागत के सुलभ कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास, 34 लाख 74 हजार की लागत के नाला निर्माण सहित 2 करोड़ 14 लाख से अधिक के 8 अन्य सीसी रोड एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। समन्ना में 13 लाख 31 हजार की लागत के 3 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 9 लाख 86 हजार की लागत के दो सीसी रोड का लोकार्पण एवं 3 लाख 48 हजार की लागत के सामुदायिक स्वच्छता परिसर का लोकार्पण किया। अटेर के बरही में 1 करोड़ की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत रानीपूरा में 36 लाख 19 हजार की लागत के 2 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 33 लाख 37 हजार की लागत की रिटर्निंग वॉल का शिलान्यास एवं 2 लाख 82 हजार की सीसी रोड का शिलान्यास किया गया।





## संक्षिप्त समाचार

### जहरीली शराब से हुई मौतों पर नाराज हुए सीएम, जिम्मेदारों पर कार्यवाही के निर्देश

भिण्ड। जहरीली शराब से 4 लोगों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी जताई है। गुरुवार को भोपाल में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह से पूछा- यह लापरवाही क्यों हुई? क्या थाने वालों की सांठगांठ चल रही है? आरोपियों को क्यों नहीं पकड़ा गया? उन्होंने चंबल रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से पूछा- घटना कैसे हुई, आप कर क्या रहे थे? शिवराज ने कहा, यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे कांड नर पिशाच कर रहे हैं। मैं किसी को छोड़ूंगा नहीं। बहुत गंभीर कार्रवाई होनी चाहिए। यह एक के बाद एक श्रृंखला जैसी हो गई है। कोई कितना भी प्रभावी हो उन्हें नष्ट करना है। यदि लापरवाही हुई, तो बर्दाश्त नहीं होगा। बता दें कि इससे पहले जब मुरैना में जहरीली शराब पीने से 26 लोगों की मौत हुई थी, तब मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि अब ऐसी घटना होती है, तो कमिश्नर और आई जी भी जिम्मेदार होंगे।

### सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया का भ्रमण कार्यक्रम

भिण्ड । सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया जिले में 21 एवं 22 जनवरी 2022 को भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया 21 जनवरी 2022 को प्रातः11 बजे ग्राम पंचायत मटघाना में, दोपहर 12.30 बजे ग्राम पंचायत सकराया में, दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत गजना में, दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत दुल्हागन में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। तत्पष्चात सायं 4 बजे ग्राम पंचायत मधैयापुरा में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा महेष सिंह भदौरिया के पुत्र के निधन पर संवेदना करेगें। लोक सेवा प्रबंधन मत्री डॉ भदौरिया 22 जनवरी 2022 को प्रातः11 बजे ग्राम जगन्नाथपुरा जवासा में आयल एवं फ्लोरमिल का उदघाटन, दोपहर 12 बजे पुरानी रेल्वे लाईन के पास वार्ड क्र.4 भिण्ड में कलश मैरिज गार्डन का लोकार्पण एवं मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह, दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में अटेर क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक, सायं 4 बजे भिण्ड से कार द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगे।

# भारतीय नमो संघ ने किया मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र बरुआ का भव्य स्वागत

### छात्रों के लिए नई शिक्षा नीति में भगवान राम के जीवन चरित्र को लाकर मोदी सरकार ने उठाया ऐतिहासिक कदम,

स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर युग पुरूष आध्यात्मिक वेद ज्ञाता स्वामी विवेकानंद जी का चित्र व रामचरितमानस भेंट कर पुष्पमाला एव श्री राधा कृष्ण का पटका पहनाकर किया भव्य स्वागत,

भिंड। भिंडी ऋषि की पावन तपोभूमि पर पधारे भिंड के लाडले वेटे मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष पूर्व संगठन मंत्री श्री शैलेन्द्र बरुआ के प्रथम नगर आगमन पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया, सर्व प्रथम निगम अध्यक्ष श्री बरुआ को पुष्पमाला एव श्री राधा कृष्ण का पटका पहनाकर एव श्री रामचरित मानस की पुस्तक ओर आध्यात्मिक वेद ज्ञाता युग पुरुष स्वामीविवेकानंद जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया और ऐतिहासिक स्वागत किया गया, इस अवसर पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने कहा कि मोदी सरकार ने बी ए प्रथम बर्ष के छात्रों के पाठ्यक्रम में रामचरित मानस का अध्याय जो?कर ऐतिहासिक कदम उठाया है,छात्रों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र एव उनके द्वारा किये गए पुनीत कार्यो के बारे में सीखने का तथा उनके मार्ग पर चलने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है,

उन्होंने आगे कहा मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने भिंड जिले के लाडले वेटे श्री शैलेन्द्र बरुआ जी को कैविनेट मंत्री दर्जा देकर मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम का अध्यक्ष बनाकर शानदार व ऐतिहासिक कदम उठाया है,

उन्होंने आगे कहा आज देश की मोदी सरकार अखंड भारत निर्माण को लेकर कार्य कर रही है, एव आम गरीब जन हित में सेक?ी जनकल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर लाकर ऐतिहासिक कार्य किया है, इस अवसर पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित, प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज तोमर,प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद नरवरिया,मीडिया प्रभारी राजेश नरवरिया, अजय मिश्रा, बल्लू शर्मा,एड रामेश्वर तिवारी,रामवीर कुशवाह,सहित कई लोग मौजूद रहे।



### खड़े डंपर में पीछे से दूसरे डंपर ने मारी टक्कर, चालक व क्लीनर घायल



भिण्ड। लहार अनुविभाग के भिंड-भांडरे रोड पर खड़े एक डंपर में पीछे से दूसरे डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो थाना क्षेत्र की पुलिस अपनी-अपनी सीमाओं को नाप रही है। क्योंकि हादसे के बाद एक डंपर असवार थाना क्षेत्र में पलटा तो दूसरा डंपर रावतपुरा थाना क्षेत्र में जाकर गिरा। खबर लिखे जाने तक दोनों ही थानों में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे लहार-दबोह मार्ग पर जैतपुरा की पुलिया के पास एक डंपर खड़ा था। सर्दी और घने कोहरे के कारण पीछे से आए डंपर ने तेजी व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए खड़े हुए डंपर में टक्कर मार दी। हालांकि जो डंपर खड़ा था वो बीच सड़क पर खड़ा होना बताया जा रहा है। दोनों की भीषण भिड़ंत में दोनों डंपर सड़क के किनारे बनी खाई में जा गिरे। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक एक डंपर में गिट्टी भरी हुई थी। वहीं दूसरे डंपर में गिटटी की डस्ट थी। दोनों ही डंपर के सवार चालक व क्लीनियर घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि सड़क एक साइड असवार थाना क्षेत्र है। दूसरी ओर रावतपुरा थाना क्षेत्र की सीमा है। दोनों ट्रकों की भिड़ंत असवार थाना क्षेत्र की सीमा में हुई। इसके बाद दोनों अलग-अलग साइड (दोनों थाना क्षेत्र की सीमा) में जाकर गिरे। असवार थाना प्रभारी नागेश शर्मा का कहना है कि जल्द ही मामला दर्ज कर लिया जाएगा। वहीं रावतपुरा थाना प्रभारी कांति राजपूत से बातचीत करनी चाहती तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# शिवराज बताए चार मौत के बाद भी एसपी पर कार्यवाही क्यों नही की गई ? : कांग्रेस

### कांग्रेस प्रवक्ता भारद्वज ने जहरीली शराब से हुई मौत पर प्रेसवार्ता कर कार्यवाही पर उठाए सवाल

भिण्ड। रौन क्षेत्र के इंदुर्खी गांव के तीन लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई, जिस पर आज कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने प्रेसवार्ता कर भिण्ड पुलिस पर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक पर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के मुताबिक भिण्ड शहर के पास जहरीली शराब बनाने का काम बड़े जोरों शोरों से चल रहा था वो भी तब जब सूबे के मुख्यमंत्री ये चेतावनी भरा आदेश दे चुके हैं कि किसी भी जिले में यदि नकली शराब बनती पाई गई तो उसकी जिम्मेदारी उस जिले के पुलिस अधीक्षक की होगी।

उक्त नकली शराब की फैक्ट्री में काम करने वाले इंदुर्खी निवासी तीन युवक फेक्ट्री से शराब लेकर अपने गांव गए और नकली शराब के सेवन से 4 लोगों की तत्काल मौत हो गयी त। चूंकि इतने बड़े मामले को दबाया जाना मुनासिब नहीं था इसलिए आनन फानन में एक थाना प्रभारी रौन को सस्पेंड कर दिया गया क्योंकि उनके क्षेत्र में इंदुर्खी गांव पड़ता है और दूसरे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली राजकुमार शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया क्योंकि उन पर आरोप है कि उनके थाना क्षेत्र में नकली शराब की फैक्ट्री संचालित थी।

अब यहीं से असल माजरे का पोस्टमार्टम शुरू करते हैं, सबसे पहले रौन थाना प्रभारी पर हुई कार्यवाही की बात करते हैं, रौन थाना प्रभारी उदयभान यादव को सस्पेंड करना बिल्कुल भी गले से नहीं उतर रहा है क्योंकि मृतक शहर में संचालित नकली शराब फैक्ट्री से शराब लेकर इंदुर्खी गांव आये थे, और वहां नकली शराब के सेवन की वजह से उनकी मृत्यु हुई, अब इसमें रौन थाना प्रभारी का क्या दोष, ये बात जनता को गले नहीं उतर रही क्योंकि न तो नकली शराब रौन थाना क्षेत्र में बिकती पाई गई और नाहीं फैक्ट्री वहां संचालित होती पाई गई।

इसी केस का दूसरा पहलू जुड़ा है थाना सिटी कोतवाली और थाना देहात के बीच के लंबे अरसे से चल रहे शीत युद्ध का जिसका असल चेहरा तब उजागर हुआ जब नकली शराब फैक्ट्री के संचालन होने की जगह को लेकर दोनों थाना प्रभारी एक दूसरे पर आरोप मड़ते नजर आये जबकि उक्त जगह को एक अंधा भी भांपकर बता सकता है कि फैक्ट्री किस थाना क्षेत्र में संचालित थी।

ऐसे में बिना कोई ठोस विवेचना किये आनन फानन में दो थाना प्रभारियों पर पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही पर कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भरद्वाज ने प्रश्न ख? किए हैं। उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक ने उक्त कार्यवाही में निष्पक्षता कम और अपने सर पर पड़ रहे ओलो को बचाने का प्रयास किया है।



### मुख्यमंत्री का आदेश हुआ हवा हवाई

कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वज ने कहा मुख्यमंत्री का आदेश था जहरीली और नकली शराब से अगर किसी एक भी मृत्यु हुई तो जिले का पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होगा तो चार चार मौत के बाबजूद भिण्ड पुलिस अधीक्षक पर अब तक कार्यवाही क्यो नही हुई? क्या मुख्यमंत्री के आदेश सिर्फ हवा हवाई हैं? आबकारी विभाग अब तक क्यो सोता रहा जिले में लगातार नकली और जहरीली शराब के बनने और बिकने प्रकरण सामने आ रहे है तो आबकारी विभाग क्या तमाशा देखने के लिए बना है। कांग्रेस ने सीआईडी या सीबीआई जांच की मांग की। कांग्रेस ने जिले में हुई असमय मौत की फिर से पुनरावर्ती न हो इसलिए पूरे प्रकरण की सीबीआई या सीआईडी जांच की मांग की। साथ ही जिले में नकली और जहरीली शराब का बनने और बिकने पर पूर्ण प्रतिबंद लगे। मृतकों के परिवार को पांच पांच लाख का मुआवजा राशि देने की माँग भी की है।

### मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ को भेजेंगे पत्र

कांग्रेस ने कहा अगर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन नही होता तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को और मध्यप्रदेश के पुलिस महानिर्देशक को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रवक्ता अनिल भारद्वाज के साथ वरिष्ठ नेता संजय भूता एवं सोहन तिवारी भी मौजूद रहे।

# चुनाव में पक्ष - विपक्ष के बीच बेहतर टक्कर!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देश में पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव 7 चरणों में होने की घोशणा हो चुकी है। जहां उत्तर प्रदेश की कुल 403 विधान सभा सीटों पर 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी,ह्य 27 फरवरी , 3 मार्च एवं 7 मार्च को तथा मणिपुर राज्य की 60 सीटों के लिये 27 फरवरी , 3 मार्च को , उतराखंड की 70, पंजाब की 117 एवं गोवा की 40 सीटों के लिये 14 फरवरी को चुनाव होने की प्रक्रिया चुनाव आयोग ने शुरू कर दी है। 10 मार्च को इन राज्यों के चुनाव परिणाम भी आने की घोशणा चुनाव आयोग ने की है। इसी के साथ इन राज्यों में राजनीतिक दलों की राजनीतिक गतिविधियां गति पकड़ने लगी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कोविड काल को देखते हुये चुनाव रैली, पद यात्रा, रथ यात्रा, साइकिल यात्रा, सड़क,नुक्कड़ आदि पर रैली आयोजन करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने एवं चुनाव उपरान्त विजय जुलूस पर पाबंदी लगा दी है। इसपर समीक्षा किये जाने की बात करते हुये हर एक से चुनाव दौरान कोरोना गाइड पालना के साथ डिजिटल चुनाव प्रचार करने की सलाह दी। पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव की तिथि चुनाव आयोग द्वारा घोशित होते ही देश के सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चले है। चुनाव पूर्व आया राम गया राम की भी राजनीति शुरू हो गई है। इस चुनाव में आप पार्टी विशेष रूप से गोवा, पंजाब, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य के चुनाव में अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में ज्यादा सक्रिय दिखाई दे रही है जो सत्ता बनाने की भूमिका में कहीं न कहीं विशेष रूप से पंजाब एवं उत्तराखंड राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती है। इन पांच राज्यों में से वर्तमान में पंजाब में कांग्रेस एवं शेष चार राज्यों में भाजपा का वर्चस्व कायम है पर इस चुनाव में सत्ता परिवर्तन होने की संभावनाएं नजर आ रही है। विशेष रूप से पंजाब , उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में चुनाव पूर्व हुये किसान आंदोलन में शामिल केन्द्र सरकार की नई किसान नीतियों से नाराज किसान केन्द्र की सत्ता पक्ष से जुड़े राजनीतिक दल को इन राज्यों में नुकसान पहुंचा सकते है जिससे उत्तरप्रदेश में भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। पंजाब एवं उत्तराखंड राज्य के मुख्य मंत्री बदले जाने से सत्ता पक्ष को चुनाव में नुकसान हो सकता है। इस बार के विधान सभा चुनाव में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष आर - पार की लड़ाई में नजर आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सपा एवं गठबंधन पूरे जोर शोर से सत्ता पक्ष भाजपा को जड़ से उखाड़ फेकने की तैयारी में नजर आ रहा है। पर फिलहाल उत्ता प्रदेश से भाजपा को सत्ता से बेदखल करना इतना आसान नहीं है। केन्द्र की नई कृशि नीति के चलते नाराज किसान का समूह भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है तो विपक्ष खेमे में एकीकरण न होने एवं एआईआईएम के मुस्लीम तुश्टीकरण की नीति से भाजपा को लाभ मिलने के आसार है। उत्तराखड में कांग्रेस एवं भाजपा आमने सामने है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस भाजपा को पहले से बेहतर टक्कर देने की स्थिति में नजर आ रही है। यदि पंजाब कांग्रेस के हाथ से निकल सकता तो उत्तराखंड हाथ आ सकता है। इस तरह इस चुनाव में पक्ष विपक्ष के बीच बेहतर चुनावी टक्कर नजर आ रहा है। जो सत्ता परिवर्तन को दर्षा रहा है।

# धर्म और धार्मिक क्रियाओं के बीच वही सम्बन्ध है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच है

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**

कितनी विचित्र बात है कि संसार में सबसे ज्यादा युद्ध धर्म के कारण हुए हैं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का सबसे ज्यादा विकास युद्धों के कारण हुआ। परंतु फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि विज्ञान का विकास धर्म के कारण हुआ है। सामान्य रूप से धर्म और विज्ञान को परस्पर विरोधी माना जाता है। धर्म को विश्वास (और कभी-कभी अंधविश्वास भी) और विज्ञान को तर्कयुक्त माना जाता है। विज्ञान का परिणाम सभी को एक जैसा दिखता है। मोबाइल फोन पर सभी बात कर सकते हैं चाहे वह उसकी आंतरिक तकनीकी समझते हों या नहीं। सीटी स्कैन मशीन आस्तिक-नास्तिक, मूर्ख-विद्वान, स्त्री-पुरुष, अफ्रीकी-अमेरिकी सभी के शरीर के अंदर का चित्र निकालकर दिखा देगी। विज्ञान विश्वास का विषय नहीं है, वह भौतिक रूप से पॉच ज्ञानेन्द्रियों से अनुभव करने का विषय है। इसलिए विज्ञान को लेकर कभी विवाद नहीं होता। पूरे संसार का विज्ञान एक सा है।

विज्ञान के नियम सृष्टि में स्वमेव पैदा हुए हैं। वैज्ञानिक उनकी खोज करते हैं, आविष्कार नहीं करते। आविष्कार तो प्रौद्योगिकी का करते हैं जो विज्ञान के नियमों का व्यवहारिक जीवन में उपयोग करती है। गुरुत्वाकर्षण के नियम की खोज के पहले भी पेड़ पर लगा फल टूटकर भूमि पर ही गिरता था, ग्रह, नक्षत्र और पिंड आपस में आकर्षित होते थे। सापेक्षता के नियम की खोज के पहले भी पदार्थ और ऊर्जा आपस में बदल सकते थे। इस खोज के बाद हमने उसका उपयोग कर आणविक ऊर्जा का आविष्कार कर लिया। सृष्टि में विद्युत चुम्बकीय तरंगों का अस्तित्व तो सदैव से है परंतु जब इनकी खोज की और उनके उपयोग की प्रौद्योगिकी विकसित की तो रेडियो, टीवी और मोबाइल जैसे आविष्कार हो सके। यदि तृतीय विश्वयुद्ध में सारी मानवता नष्ट हो जाए तो उसके साथ प्रौद्योगिकी भी नष्ट हो जाएगी परंतु संसार में विज्ञान के नियम यथावत कार्य करते रहेंगे।

धर्म के साथ मामला पेचीदा हो जाता है। अंग्रेजी में जिसे रिलीजन कहा जाता है उसकी समझ दुनिया के भौगोलिक क्षेत्र, वहॉ के समाज, अर्थव्यवस्था आदि के साथ विकसित हुई है। यह विश्वास का मामला है। इसलिए दुनिया के तीन बड़े रिलीजन ईसाई, इस्लाम और यहूदी में विश्वास करना ही महत्वपूर्ण है। उनकी एक पवित्र पुस्तक है, ईश्वर का संदेश लाने वाले एक दूत हैं। पुस्तक में जो लिखा है और ईश्वर के संदेश में जो कहा गया है वह अंतिम सत्य है, उस पर विश्वास करना ही होगा। भारत का हिन्दू या सनातन धर्म इस मामले में भिन्न है क्योंकि यहॉ विश्वास का स्थान बहुत सीमित है। यहॉ अनुभव और सत्य का दर्शन ही प्रमाण है। अनुभव और दर्शन तो उसी का होगा जो अस्तित्व में है। किसी के कहने से उसे बदला नहीं जा सकता। इसलिए हमारे चारों ओर जो अस्तित्व हमें घेरे है उसके स्वभाव को ही धर्म कहते हैं। जैसे विज्ञान स्वयं उद्भूत है और पूरे संसार में एक सा है वैसे ही अस्तित्व का स्वभाव भी स्वयं उद्भूत है, सदैव से था, सदैव ऐसा ही रहेगा और पूरे ब्रह्माण्ड में एक सा है। पर यह अस्तित्व है क्या

इस अस्तित्व को ऐसे समझें कि, संसार में जो कुछ भी है उस सभी में चेतना है। गीता में भगवान् कृष्ण कहते हैं संसार के सभी जीवों में मेरा ही अंश विद्यमान है (15.7)। यही अंश चेतना है, इसी से सारी सक्रियता है। विभिन्न रूपों में उस चेतना के स्तर में अंतर है। कहीं ज्यादा है कहीं कम। पत्थर में चेतना सुषुप्त है, पौधे में कुछ जाग्रत है, जीव-जन्तुओं में और ज्यादा सक्रिय है और मानव में उससे भी ज्यादा। जहॉ चेतना होती है वह अपने को अभिव्यक्त करती ही है। चेतना सुषुप्त होने के कारण पत्थर तोड़े जाने का विरोध नहीं करता, परंतु पौधा काटे जाने पर पीड़ा के चिह्न प्रकट करता है, और चींटी तो प्रतिरोध करेगी और अपनी जान बचाने का भरसक प्रयत्न करेगी। चेतना का ज्ञान बुद्धि से होता है। परंतु ज्ञान होना और अनुभव होना दो अलग बातें हैं। हम उपनिषद पढ़कर बौद्धिक रूप से 'अहं ब्रह्मास्मि' मान लेंगे परंतु यह अनुभूति नहीं है, मात्र जानकारी है। धर्म का उद्देश्य है कण-कण में इस चेतना का अनुभव कराना, दर्शन कराना। इस अनुभव के बाद संसार का रूप ही



बदल जाता है। तुलसीदासजी को सारा संसार 'सियाराममय' दिखने लगाता है तो कबीरजी को 'इस घट अंतर अनहद गरजै' सुनाई देने लगता है।

अब इस अस्तित्व का स्वभाव देखें। यह बगैर प्रतिफल की आशा किये निरंतर दे रहा है। सूरज प्रकाश दे रहा है, बादल पानी दे रहे हैं, वायु प्राण दे रही है। सब दूसरों के हित में त्याग कर रहे हैं। कोई अपने पास कुछ संग्रह नहीं कर रहा। वृक्ष अपनी सारी ऊर्जा बीज बनाने में लगा रहा है ताकि नए वृक्ष और फल संसार को मिल सकें। पूरा अस्तित्व अपरिग्रही है। कुछ भी स्थाई नहीं है। जो बन रहा है वह अगले ही क्षण किसी अन्य रूप में बदल रहा है। सब कुछ अनित्य है। जीवन-मृत्यु निरंतर चल रहे हैं। सब कुछ शांत है। न पुष्प कुछ बोलता है न चॉदनी। बोलना केवल बाह्य क्रिया है आंतरिक नहीं। पूरे अस्तित्व में सब कुछ नियमबद्ध है, सहज है, सरल है। सूर्य समय पर निकलेगा, कमल भोर होते ही खिलेंगे आदि। ऐसा नहीं हो सकता कि कमल अचानक रात में खिलना तय कर लें। इसमें धोखे की कोई गुंजाइश नहीं है। मृत्यु है पर अकारण हिंसा नहीं है। शेर भूखा होने पर ही शिकार करता है। शेर का पेट भरा हो तो वह हिरण की तरफ ऑख उठाकर भी नहीं देखता। अस्तित्व मूलतः अहिंसक है।

आप जितना विचार करते जाएँगे तो पांगे कि अस्तित्व का स्वभाव ही त्याग, अपरिग्रह, सत्य, मौन, सरलता, अहिंसा आदि हैं। यही धर्म के अंग हैं। इनका कोई विकल्प नहीं हो सकता क्योंकि यह विज्ञान की तरह स्वमेव सृष्टि में उद्भूत हुए हैं। इसलिए अस्तित्व या चेतना का साक्षात्कार करना है तो इन्हीं नियमों पर चलना होगा।

धर्म के दो भाग हैं सैद्धांतिक और प्रायोगिक। सैद्धांतिक भाग तो उपनिषदों में 5 महावाक्यों के रूप में व्यक्त किया गया है - अहं ब्रह्मास्मि (मैं ब्रह्म हूँ), तत्त्वमसि (वह ब्रह्म तू है), अयम् आत्मा ब्रह्म (यह आत्मा ब्रह्म है), प्रज्ञानं ब्रह्म (प्रकट ज्ञान ही ब्रह्म है) और सर्वं खल्विदं ब्रह्म (सर्वत्र ब्रह्म ही है)। धर्म के प्रायोगिक भाग में प्राचीन महापुरुषों ने विभिन्न प्रकार की धार्मिक प्रक्रियाओं का विधान किया है जो अस्तित्व के स्वाभाविक गुणों पर आधारित हैं। मूर्तिपूजा से लेकर व्रत, तप, योग, यज्ञ, ध्यान आदि प्रक्रियाओं का उद्देश्य आंतरिक शुद्धता बढ़ाकर कण-कण में चेतना का अनुभव करना है। इन प्रक्रियाओं को हम धर्म की प्रौद्योगिकी कह सकते हैं।

जिस प्रकार प्रौद्योगिकी तभी सफल होगी जब वह विज्ञान के नियमों के अनुसार होगी। उसी तरह धार्मिक क्रिया तभी सार्थक होगी जब वह धर्म के अनुरूप होगी। सही धार्मिक क्रिया हमारे अंतर को परम चेतना या अस्तित्व के स्वभाव के अनुरूप ढ़ालती है। जब हमारे अंदर भी अस्तित्व जैसे गुण पैदा हो जाते हैं तब हम में और अस्तित्व में अंतर समाप्त हो जाता है। बीच का पर्दा गिर जाता है और यही साक्षात्कार की अवस्था है जो धर्म का उद्देश्य है। कल्पना करें ऐसे मोबाइल की जिसमें सिम न हो तो वह मोबाइल बच्चों का खिलौना होगा जिससे वे फोन करने का ढ़ोंग कर सकते हैं पर बातचीत नहीं कर सकते । इसी प्रकार जो कथित धार्मिक क्रिया हमारे अंदर अस्तित्व के मूल स्वभाव जैसे - सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, आस्तेय, क्षमा, धैर्य, अक्रोध आदि - को समृद्ध न कर सके वह पाखंड होगी। अंतर केवल इतना है कि विज्ञान पॉच ज्ञानेन्द्रियों से अनुभूत होता है जो हम सभी के पास हैं इसलिए कोई प्रौद्योगिकी कार्य कर रही है या नहीं यह सबको पता चल जाता है। धर्म की प्रक्रिया आंतरिक शुद्धीकरण करती है जि सका पता स्वयं हमें ही ईमानदार अंतरावलोकन से चल सकता है। दूसरा इसे नहीं समझ सकता। इसलिए धर्म की प्रौद्योगिकी में धोखे की भरपूर संभावनां हैं।

## धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई। इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठिर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं? प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, %यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें।% यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो। धर्मराज बोले, %यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अतः यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

# संक्रमण का आंकड़ा

**सिद्धार्थ शंकर**

संक्रमण के प्रसार की बढ़ती रफ्तार बता रही है कि हम बड़े खतरे की ओर बढ़ रहे हैं। पर अब ज्यादा बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि कार्यस्थलों पर सामूहिक संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना व्यवहार के उपायों जैसे मास्क लगाने, सुरक्षित दूरी रखने और बार-बार हाथ धोने के अलावा सबसे ज्यादा जोर टीकाकरण पर रहा है। हालांकि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए टीकाकरण को अनिवार्य बनाया भी। लेकिन ऐसे कर्मचारी अभी कम नहीं हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है। कई राज्यों में यह स्थिति काफी खराब है। इसलिए तीसरी लहर को देखते हुए सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे हर कर्मचारी के लिए टीकाकरण अनिवार्य करें, खासतौर से पुलिस बल और उनके परिवारों को। दफ्तरों में मास्क और सुरक्षित दूरी के पालन को लेकर सख्ती हो। कर्मचारियों की नियमित जांच हो। संक्रमितों के संपर्क में आने वालों का पता लगाया जाए। हालांकि यह कवायद तभी संभव और कारगर होगी, जब लोग भी इसे अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण कार्यक्रम का एक साल पूरा हो चुका है। सरकार का दावा है कि इस एक साल में एक सौ सत्तावन करोड़ से ज्यादा टीके लगाए जा चुके हैं। जाहिर है, आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग गया है। आकंड़ों के हिसाब से देश की तिरानवे फीसद आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। करीब सत्तर फीसद लोगों को दोनों खुराकें लग चुकी है। इससे इतना तो सुनिश्चित हुआ कि लोगों को तात्कालिक तौर पर



सुरक्षा कवच मिल गया और जान जोखिम में पड़ने से बची। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि महामारी से जंग में टीका निर्णायक साबित हुआ है। तीसरी लहर के दौरान यह बात सामने आई भी है कि इस बार मौतों के जितने मामले सामने आ रहे हैं, उनमें से अधिकतर वे लोग थे जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। हालांकि ऐसे भी मामले आते रहे हैं कि टीकाकरण के बावजूद लोग नहीं बच सके। पर ऐसे मामलों की संख्या कम ही है और जांच में पता चला कि ऐसे मरीज किसी न किसी गंभीर बीमारी से पहले से ग्रस्त थे। पर इसमें तो कोई संदेह नहीं कि टीकाकरण ने करोड़ों लोगों को सुरक्षा के घेरे में ला दिया। भारत जैसे विशाल देश में सफल टीकाकरण कोई आसान काम भी नहीं है। इतनी बड़ी आबादी को जल्द से जल्द टीका लगाने के लिए जिस युद्धस्तर पर कवायद शुरू की गई, वह अपने में महाभियान ही है। सबसे पहले 16 जनवरी 2021 से स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का काम शुरू हुआ था क्योंकि अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के बीच रह कर काम यही लोग कर रहे थे। हालांकि सरकार का लक्ष्य 31 दिसंबर 2021 तक पूरी आबादी के टीकाकरण था। लेकिन यह पूरा नहीं हो पाया। कहने को भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माता देशों में है, पर शुरू में कई मुश्किलें तो झेलनी ही पड़ीं। कच्चे माल की कमी और टीका निर्माता कंपनियों के समक्ष पैसे कमी जैसे कारण तो रहे ही, इतनी बड़ी आबादी के लिए टीकों का उत्पादन और फिर देश के कोने-कोने तक टीके पहुंचाने की चुनौती भी मामूली नहीं थी। केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल का अभाव तथा कुप्रबंधन जैसे संकट भी कम नहीं रहे। कई राज्यों में टीकाकरण की रफ्तार अभी भी संतोषजनक नहीं है। इसलिए राज्यों को अब फुर्ती दिखानी होगी। घर-घर टीकाकरण जैसे अभियान पर जोर देना होगा। टीकाकरण अभियान को कामयाब बनाने के लिए नागरिकों को भी समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अभी भी ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो टीका लगवाने से बच रहे हैं। टीके को लेकर लोगों के मन में भ्रम और भय बना हुआ है। इसे दूर करना होगा। एक साल के टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान आई दिक्कतों से हमें सीख लेने की जरूरत है, तभी इस अभियान को और सशक्त बनाया जा सकेगा।

# मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण



## सूडोकु नवताल- 5959

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5958 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |



**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हमारा शरीर बहुत ही महत्वपूर्ण मशीन हैं .जिस प्रकार हम अपनी कार मोटर साइकिल या अन्य मशीनों की देखरेख करते हैं उसमे ऑइलिंग ग्रीसिंग और सर्विसिंग कराते रहते हैं .लम्बी यात्रा के समय अपना वाहन अप डेट रखते हैं .इसी प्रकार यह शरीर भी सब कुछ चाहती हैं यानी पोषण ,पाचन और आराम सम दोषः समाग्नि सम धातु मलाः क्रियाः प्रसन्न आत्मेन्द्रिय मनः स्वस्थ्य इत्यादिभीयते .(सु श्रु )

जिस की धातुएं साम्यावस्था में ,अग्नि (पंचाग्नि और धात्वग्नि और अग्नी )और 18 प्रकार के मल साम्यावस्था में हो और इसके अलावा जिसकी आत्मा ,मन और इन्द्रियां स्वस्थ्य हो उसे स्वस्थ्य कहते हैं .इसका आशय शरीर के साथआत्मा मन ,और इन्द्रियाँ भी स्वस्थ्य होगी उसे स्वस्थ्य कहा जायेगा .आजकल इस अनुसार अधिकांश इस परिभाषा में खरे नहीं उतरते या उतर नहीं पा रहे हैं . रोग के दो स्थान हैं मन और शरीर और दोनों एक दूसरे के पूरक हैं ,यदि शरीर रोगी हैं तो उसका प्रभाव मन पर पड़ता हैं और यदि मन दुखी हैं तो उसका प्रभाव शरीर पर पड़ता हैं .आजकल शरीर के साथ मानसिक रोगों की बहुलता हैं ,जिसका इलाज़ स्वयं जो प्रभावित होता हैं उसके पास हैं .

हमारी रोजाना का भाग दौड़ में हम अक्सर कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जो हमारे दिमाग के लिए बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकती हैं। कहीं आपकी भी तो यही स्थिति नहीं है। कुदरत की देन में हमें यह शरीर मिला है, जिसका विकास



वक्त के साथ खुद ब खुद होता रहता है। लेकिन यह चीज मस्तिष्क के साथ बिल्कुल नहीं है। अगर एक व्यक्ति स्कूल कॉलेज ना जाए या किसी तरह का ज्ञान हासिल ना करे तो उसका मस्तिष्क वैसा ही रहता है जैसे किसी जानवर का या एक छोटे बच्चे का होता है। यह जानते हुए भी हम हर गैर जरूरी चीज का ध्यान रखते हैं जो शायद मायने नहीं रखती।

वहीं मस्तिष्क के विकास का काम या उसके पोषण को भूल ही जाते हैं। यही नहीं हम कुछ ऐसी आदतों को अपनाने लगते हैं जो हमारे मस्तिष्क पर बहुत बुरा प्रभाव डालती हैं।

**नींद और सोने का तरीका**

यदा तु मनार्स क्लानाते कर्मात्मानः .विषयोभ्यो निवर्तन्ते तदा स्वपिति मानवः .(चरक सूत्रस्थान )

जब कार्य करते करते मन थक जाता हैं एवं इन्द्रियां भी थकने के कारण अपने अपने विषयों से निवृत हो जाती हैं तब मनुष्य शयन करता हैं नींद का अधिक आना और ना आना दोनों ही एक गंभीर समस्या है। अगर आप उन लोगों में से हैं जो एक अच्छी नींद नहीं लेते। तो इसकी वजह से आपको कुछ भी याद रखने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं अगर आप ऐसा लंबे समय तक पर्याप्त नींद नहीं लेते तो इससे आपकी मौत भी हो सकती है। इसके अलावा अगर आप मुंह ढक कर सोते हैं तो इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं का विकास रुक जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है और ऑक्सीजन का स्तर शरीर में कम होने लगता है। जिसका असर मस्तिष्क पर पड़ता है।

निद्रयत्तम सुखम दुखम पुष्टिः कार्श्य बलाबल्म .वृष्ता क्लीब्ता ज्ञानमज्ञानं जीवितं न च .

सुखपूर्वक निद्रा के आने से शरीर में आरोग्य ,शरीर का पोषण ,बल की वृद्धि ,शुक्र की वृद्धि ,ज्ञानेन्द्रियों की उचित रूप में प्रवृति और आयु नियत रूप से यथाकाल बानी रहती हैं .निद्रा के न आने पर शरीर में रोग ,कृशता ,बल की हानि ,ज्ञानेन्द्रियों का अपने विषयों में उचित रूप से प्रवृत न होना और निद्रा के न आने से अनेक भयंकर रोग होने से मृत्यु तक की संभावना हो जाती हैं .

**शुगर का अधिक सेवन**

हम जो भी खाते हैं उसका सीधा असर मस्तिष्क पर भी पड़ता है। ऐसे में अगर आप अपनी खाद्य सामग्री में शुगर का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, तो यह शरीर में पोषक तत्वों और प्रोटीन के अवशोषण को बाधित करता है।

## महामारी मुआवजाः राज्यों की खिंचाई

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सर्वोच्च न्यायालय ने उन प्रदेश-सरकारों को कड़ी झाड़ लगाई है, जिन्होंने कोरोना महामारी के शिकार लोगों के परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश था कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 हजार रु. का मुआवजा दिया जाए। सभी राज्यों ने कार्रवाई शुरु कर दी लेकिन उसमें दो परेशानियां दिखाई पड़ीं। एक तो यह कि मृतकों की संख्या कम थी लेकिन मुआवजों की मांग बहुत ज्यादा हो गई। दूसरी परेशानी यह कि मृतकों की जितनी संख्या सरकारों ने घोषित की थी, उनकी तुलना में मुआवजे की अर्जियां बहुत कम आईं। जैसे हरयाणा में मृतकों का सरकारी आंकड़ा था- 10,077 लेकिन अर्जियां आईं सिर्फ 3003 और पंजाब में 16,557 के लिए अर्जियां सिर्फ 8786 अर्जियां। जबकि कुछ राज्यों में इसका उल्टा हुआ। जैसे महाराष्ट्र में मृत्यु-संख्या 1,41,737 थी लेकिन अर्जियां आ गई 2 लाख 13 हजार ! ऐसा ज्यादातर राज्यों में हुआ है। ऐसी स्थिति में कुछ राज्यों में मुआवजे का भुगतान आधे लोगों को भी अभी तक नहीं हुआ है। इसी बात पर अदालत ने अपनी गंभीर नाराजी जताई। उसने बिहार और आंध्रप्रदेश के मुख्य सचिवों को तगड़ी फटकार लगाई और उन्हें कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी शीघ्र नहीं पूरी करेंगे तो अदालत अगला सख्त कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगी। जजों ने यह भी कहा कि आपकी सरकार ने महामारी के शिकार मृतकों के जो आंकड़े जारी किए हैं, उनकी प्रामाणिकता संदेहास्पद है। उन्होंने बिहार जैसे प्रांत में मृतक-संख्या सिर्फ 12 हजार कैसे हो सकती है? अदालत ने गुजरात सरकार से पूछा है कि उसने 4 हजार अर्जियों को किस आधार पर रद्द किया है। अदालत ने कहा है कि किसी भी अर्जी को रद्द किया जाए तो उसका कारण बताया जाए और अर्जी भेजनेवालों को समझाया जाए कि उस कमी को वे कैसे दूर करें? अदालत ने सबसे ज्यादा चिंता उन बच्चों की की है, जिनके माता और पिता, दोनों ही महामारी के शिकार हो गए हैं। ऐसे अनाथ बच्चों के जीवन-यापन, शिक्षा और रख-रखाव की व्यवस्था का सवाल भी अदालत ने उठाया है। उसने सरकारों से यह भी कहा है कि वे गांव और शहरों में रहनेवाले गरीब और अशिक्षित परिवारों को मुआवजे की बात से परिचित करवाने का विशेष प्रयत्न करें। मान लें कि अदालत ने उन कुछ अर्जियों का जिक्र नहीं किया, जो फर्जी भी हो सकती हैं तो भी क्या? ऐसी गैर-कोरोना मौतों के नाम पर मुआवजा शायद ही कोई लेना चाहेगा और चाहेगा तो भी वही चाहेगा।

# शक्कर कारखाना बचाने के लिए दिल्ली की तर्ज पर होगा किसान मजदूर संघर्ष

### 25 जनवरी के उपवास के बाद घोषित होगी संघर्ष समिति और आगे की रणनीति, राजनैतिक प्रतिनिधि रहेंगे संरक्षक



**कैलारस।** शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन को विराट रूप देने के लिए कारखाने से जुड़े रहे किसान और श्रमिकों को साथ लेकर शक्कर कारखाना बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में आंदोलन चलाया जाएगा। इसमें कर्मचारी, श्रमिको और किसानों के भुगतान के मुद्दे को उठाते हुए साथ ही कारखाने को कौड़ियों के मोल बेचे जाने का विरोध करते हुए कारखाने को बचाने और चलाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। इसी कड़ी में 25 जनवरी को उपवास के दौरान संघर्ष समिति का गठन होगा। जिसमें राजनीतिक प्रतिनिधियों को संघर्ष समिति के संरक्षक के तौर पर रखा जाएगा और आगे की रणनीति भी घोषित की जाएगी। यह आंदोलन दिल्ली किसान आंदोलन की तर्ज पर होगा। जिसमें राजनीतिक स्वार्थों को दूर रखकर विशुद्ध रूप से कारखाने को बचाने और चलाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। यह घोषणा मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी और वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, राम सिंह पटेल की ओर से संयुक्त रूप से की गई है। उन्होंने बताया है कि जब कारखाने को सच्चे अर्थों में हम सभी बचाना और चलाना चाहते इसे राजनीति की भेंट नहीं चढ़ाना चाहते हैं, तो हमें खुले मन से आगे आना चाहिए, राजनीति करने के लिए तमाम मौके रहेंगे। कारखाने को बेचने के बजाय इसे बचाने और चलाने के लिए सभी प्रतिनिधियों को अपना योगदान देना चाहिए। यह अपील राजनीतिक प्रतिनिधियों और नेताओं से किसान सभा की ओर से की गई है। आज 25 जनवरी के उपवास के लिए किसान भवन पर आयोजित परिचर्चा में बोलते हुए किसान नेताओं की ओर से उक्त उद्गार व्यक्त किए गए। संयुक्त आंदोलन के लिए मध्य प्रदेश किसान सभा, सीटू, शक्कर कामगार यूनियन, शक्कर कारखाना यूनियन, छात्र संगठन, जनवादी नौजवान सभा, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, किसानों के अन्य संगठन, किसान कांग्रेस के साथ भीम अर्मी, बहुजन मुक्ति मोर्चा सहित दो दर्जन संगठनों को आमंत्रित किया गया है। आवश्यकता होने पर संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता गण अमराराम, बादल सरोज, डॉ अशोक धवले, राकेश टिकैत, डॉ सुनीलम, मेधा पाटकर सहित वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## नगर परिषद झुण्डपुरा ने मनाया आनंद उत्सव



**झुण्डपुरा।** नगर पालिका परिषद झुण्डपुरा द्वारा आनंद उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, चम्मच रेस, चेयर रेस, खो-खो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पगर परिषद सीएमओ अशोक बंसल एवं श्रीमती बंदना सगर ब्लॉक कोडेनेटर मौजूद रहे। इसके अलावा प्रभारी संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र राठौर, सिद्धनाथ शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान 200 मीटर दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान एवं चम्मच दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं 100 मीटर दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय, चेयर दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय, चम्मच दौड़ और खो-खो, रस्सी खीच प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा ईनाम वितरित की गई। इस मौके पर प्राचार्य पीके अग्निहोत्री, बंदना सगर, सिद्धनाथ शर्मा, धर्मेंद्र राठौर नगर पालिका के कर्मचारी संतोष प्रजापति, राजीव बंसल एवं अन्य नागरिक एवं भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र ने युवाओं को दिया स्वच्छ ग्राम-हरित ग्राम का प्रशिक्षण

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो दर्जन युवाओं को किया सम्मानित




**अम्बाह।** भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अधीन संचालित नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुरैना ने आदि युवा मण्डल के सहयोग से अम्बाह ब्लाक के विभिन्न युवा मण्डलों से चयनित लगभग एक सैकड़ा युवाओं को स्वच्छ ग्राम-हरित ग्राम विषय पर सघन प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दो दर्जन युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान कोविड गाइड लाइन का पूरी तरह पालन किया गया। कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर थे। अध्यक्षता महात्मा लोचनदास विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामसेवक शर्मा ने की। इस अवसर पर एडीएस शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ.अनुराग तोमर, रासेयो अधिकारी विजय शर्मा, अधिकारी हरिओम शर्मा, सहायक प्राध्यापिका सुमिता चौहान, नेहरू युवा केन्द्र के एनवाईवी बृजमोहन शर्मा, गनपत सिंह तोमर आदि युवा मण्डल के सचिव शशांक शर्मा, विपिन सिंह तोमर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवाओं को स्वच्छ ग्राम- हरित ग्राम विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। चार सत्रों में विभाजित प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को बताया गया कि गांवों को स्वच्छ एवं हरा भरा कैसे बनाया जा सकता है? इसके तौर -तरीके युवाओं को समझाए गये। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को बताया गया कि घरों के आस-पास, स्कूल/कालेज एवं सामुदायिक परिसरों में कैसे साफ-सफाई होना चाहिए। स्वच्छता के अभाव में लोगों को क्या-क्या शारीरिक बीमारियां व अन्य तकलीफें होती हैं। इन तकलीफों से कैसे बचा जा सकता है और कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती चक सिंह चौहान उपस्थित रहीं।

## ई-रिक्शा चालक फांसी पर झूला, पुलिस जांच में जुटी



**मुरैना।** शहर की सिंगल बस्ती में अज्ञात कारणों के चलते ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मुरैना नगर निगम की अंतर्गत आने वाली सिंगल बस्ती स्थित अंबेडकर पार्क के पास 22 वर्षीय ब्रजेश पुत्र सुरेश पिप्पल नामक युवक रहता है और वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बता दें कि बीती रात ई-रिक्शा चालक युवक ब्रजेश हर रोज की तरह ई-रिक्शा चलाकर घर आया और घर मे अपनी माँ से चाय के लिए दूध लाने को कहा। जब मां दूध लेने दुकान पर गई, तभी ब्रजेश ने अज्ञात कारणों के चलते घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब मां दूध लेकर वापस घर आई, तब पता चला कि बेटे ने फांसी लगा ली है। चीखने चिल्लाने पर आसपास के पडोसी आये और सिटी कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी जांच पडताल शुरू की। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया है। इधर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है कि ई-रिक्शा चालक ने आखिरकार फांसी क्यों लगाई।



## मामचौन में जहरीली गैस से एक महिला की मौत, 2 की हालत गंभीर



**कैलारस।** ग्राम मामचौन में जहरीली गैस से एक ही परिवार के तीन व्यक्ति हुए गंभीर अवस्था में पहुंच गए। ग्रामीण गंभीर लोगों को कैलारस अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने एक महिला को किया मृत घोषित घोषित कर दिया। मृतक महिला का पति व बेटी गंभीर अवस्था मे ग्वालियर रैफर कर दिए गए हैं। बताया जाता है कि देर रात को घर के कमरे में सिगडी जलाकर सोने से बंद कमरे में जहरीली गैस बन गई और दोपहर तक दरवाजे ना खुलने पर ग्रामीणों ने छत से कूदकर उन्हें निकाला। ग्रामीण जन सभी को आनन-फानन में कैलारस अस्पताल लेकर पहुँचे। घटना पहाडगढ थाना क्षेत्र के मामचोन गांव की है। बीती रात रात कैलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मामचौन के ग्राम मामचौन में हजारी लाल धाकड़ ने अपने घर में सिगडी जलाकर रख ली और किवाड़ बंद कर परिवार सहित अंदर कमरे में सो गए। सिगड़ी के कारण कमरे से ऑक्सीजन समाप्त हो गई और उसमें सो रहे पति, पत्नी एवं पुत्री जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गए, जिसका उन्हें पता भी नहीं चला और वह कमरे में ही बेहोश पड़े रहे। पड़ोस के लोगों को दोपहर 12 बजे तक गेट न खुला मिला तो उन्होंने गेट खटखटाया और जब भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो वह पड़ोस के मकान से होते हुए अंदर पहुंचे तो अंदर से देखा कि मेन गेट के ताला लगा हुआ है और कमरे की अंदर से कुंडी लगी हुई थी, जिसमें वे सो रहे थे। तब ग्रामीणों ने दरवाजे को तोड़कर अंदर देखा तो वे तीनों वेहोशी की हालत में पड़े हुए दिखे। आनन-फानन में सभी को कैलारस अस्पताल के लिए लाया गया, जिसमें हजारी लाल धाकड़ की पत्नी कमला धाकड़ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया एवं हजारीलाल व उनकी पुत्री राखी धाकड़ को ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया।

## सरपंच सचिव ने सांठगांठ कर किया 15 लाख का गवन

### -मौके पर नहीं हुआ निर्माण कार्य ना हुई साफ सफाई




**कैलारस।** ग्राम पंचायत मामचौन जनपद पंचायत कैलारस मैं सरपंच सचिव द्वारा फर्जी बिल लगाकर 15 वित्त आयोग से करीब 15 लाख रुपए की राशि आहरण की गई है। जिसका अगर मौके पर जाकर देखा जाए तो कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है। और ना ही नाली की सफाई की गई है। ग्राम पंचायत मामचौन निवासी नरेंद्र यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सब इंजीनियर से मिलकर फर्जी तरीके से राशि आहरण की गई है, जिसमें फर्जी बिल लगाकर अपने ही संबंधित फर्म के नाम बिल काटे गए हैं एवं अपने चहेते मजदूरों के नाम पर राशि आहरण की गई है, जो पूर्णतः फर्जी तरीके से की गई है। सरपंच, सचिव द्वारा 15वे वित्त आयोग से प्राप्त राशि को हड़प लिया गया है।

शिकायतकर्ता नरेन्द्र यादव के अनुसार 5 सितम्बर 2021 को 1,09,500 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 94,763 रुपए की राशि सफाई के नाम पर निकाली गई। इसके साथ ही बाउण्ड्री वॉल निर्माण के नाम पर 5 सितम्बर 2021 को 1,48,000 रूपए निकाले गए हैं, जब कि सीसी खरंजा निर्माण कार्य के नाम पर 5 सितम्बर 2021 को 76,800 रूपए व 5 सितम्बर 2021 को 70,059 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 1,09,200 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 1,89,000 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 2,09,650 रूपए निकाले। इसके अलावा नाली निर्माण के नाम पर 30 अक्टूबर 2021 को 1,22,800 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 1,49,800 रूपए एवं 30 अक्टूबर 2021 को 1,74,650 रूपए का आहरण किया है। उपरोक्त सभी कार्यों पर कुल राशि 14,54,222 रुपए का भुगतान अपने परिचित मजदूरों के नाम एवं सामग्री विक्रेता अपने परिचित फर्म के नाम किया गया है, जब कि ग्राम पंचायत मामचौन में मौके पर कोई काम नहीं हुआ है। उक्त मामले में शिकायतकर्ता नरेंद्र यादव ने उक्त कार्यों के नाम पर हुए फर्जी भुगतान के संबंध में जांच कराकर दूसरी सरपंच सचिव के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने का आग्रह किया है।

# सबको साथ लेकर चलना ही संगठन की पहली कड़ी हैं: दीवान माधव सिंह

■ शिक्षा के प्रति समाज को बढ़ावा देना समाज की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए

■ भारत के कोने कोने में फैला सीरवी समाज संपूर्ण भारत में एक हैं



**नेनाराम सीरवी। पाली**

**मध्य प्रदेश/** सीरवी इंडिया परिवार संपूर्ण भारत । ग्राम कलवानी मनावर में अखिल भारतीय सीरवी महासभा के नव मनोनीत चयनित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आई पंथ के पूज्य धर्मगुरु दीवान माधव सिंह ने कहा संगठन का पहला मंत्र सबको साथ लेकर चलने का हो ।सबका साथ समाज का विकास की भावना के साथ समाज में जमीनी स्तर पर कार्य किया जाता है। तो निश्चित रूप से एक मजबूत संगठन खड़ा होगा। और अच्छे विचारों संस्कारों को हम समाज के बीच ले जा पाएंगे

### मध्यप्रदेश में सीरवी समाज को दिया महत्वपूर्ण संदेश

मध्य प्रदेश महासभा का एक कार्यालय बनाया जाए जहां से संपूर्ण गतिविधियां संचालित की जाए ।समाज के समाचार के लिए एक समाचार पत्र निकाला जाए। समाज की आपस की समस्या कोर्ट कचहरी तक न जाते हुए सामाजिक पंचायतों में ही हल की जाए ।बालिका मंडल का गठन हो। मांगलिक भावनाओं का उपयोग शिक्षा में महिला मंडल का गठन हो। ऐसी अनेक चर्चाएं अपने समाज को संबोधित करते हुए समाज के बीच रखी। अपने 80 वे जन्म उत्सव के अवसर पर आप ने अपने 80 वर्ष के दौरान जीवन काल की कुछ महत्वपूर्ण बातें भी समाज से शेयर की ।नव मनोनीत अखिल भारतीय सीरवी महासभा मध्य प्रदेश के इस प्रथम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य धर्मगुरु दीवान माधव सिंह ने समाज के नाम मनोनीत सदस्यों को मार्गदर्शन दिया। वहीं इस अवसर पर क्षेत्र के दिव्य शक्ति के रूप में विराजमान संत श्री योगेश जी महाराज ने भी संबोधित किया। साथ ही इस अवसर पर मंच पर अखिल भारतीय सीरवी महासभा मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल मुकाती कैलाश कुमार मुकाती वर्तमान अध्यक्ष भगवान लचेटा महासचिव कांतिलाल गहलोत कुक्षी। गधवानी मनावर निमाड़ धार परगना अध्यक्ष राधेश्याम मुकाती महासचिव प्रकाश भाई कुक्षी गंधवानी मनावर युवा संगठन अध्यक्ष नरेंद्र देवड़ा महासचिव भायल मनावर तहसील अध्यक्ष संदीप सेफ्टा महासचिव राजूराम देवड़ा सीरवी संदेश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कानाराम चोयल एडवोकेट सहित पूरी बाबा मंडली मंच पर उपस्थित थे

## नीतू फैंसी ज्वेलर्स द्वारा 26 जनवरी के उपलक्ष में देश भक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है

**शिवपुरी-** आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 26 जनवरी का पर्व आ रहा है जिसमे बच्चे अपनी अलग अलग प्रस्तुतियां देंगे इस अवसर पर नीतू फैंसी ज्वेलर्स द्वारा ऑनलाइन देश भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है जिसमे आपको देश भक्ति गीत गाकर 2 मिनट की वीडियो भेजना है इस प्रतियोगिता में 7 से 15 साल तक के बच्चे भाग ले सकते , अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया जाएगा , वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 26 जनवरी है , जिसमे निर्णायक के रूप में नीतेश शर्मा (गायक) , जेसी प्रियंका शिवहरे जोन डायरेक्टर एस एम ए , श्रीमति नीता श्रीवास्तव (शिक्षक) ,एवं प्रायोजक नेहा शर्मा मैजिकल एंजेल ब्यूटी पार्लर है।




**आप 2 मिनट की वीडियो हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेज सकते है यह प्रतियोगिता निशुल्क है ।**

**व्हाटसएप नंबर 8269690463**

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह मे विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूर।** इको फ्रेंडली टीम और केएमपीके चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 8 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों का भारत के संविधान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे विजेताओ को प्रथम पुरस्कार तीन हजार रूपए दूसरा स्थान दो हजार रूपए तृतीय पक्ष एक हजार रूपए रुपये का नकद पुरस्कार रखा गया द्य मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एचवी राजीव ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागु किया गया था द्य गणतंत्र दिवस पर भारतीय सशस्त्र बलों की परेड नई दिल्ली में होगी द्य इस कार्यक्रम में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण की सदस्य लक्ष्मी देवी, पर्यावरण के अनुकूल समूह के अध्यक्ष लोहित,सामाजिक कार्यकर्ता चक्रपाणि और चामराजा क्षेत्र भाजपा अन्य भाषा प्रकोष्ठ के सचिव पृथ्वी सिंह चांदावत,रंगनाथ और पशु चिकित्सक डॉ.मोहन कुमार ने भाग लिया ।

## लक्ष्य सिक्योरिटी एंड फेसिलिटी सर्विस द्वारा जिला चिकित्सालय भिंड में कर्मचारियों का किया जा रहा है शोषण: संजय वाल्मीकि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लक्ष्य सिक्योरिटी एंड फेसिलिटी सर्विस द्वारा जिला चिकित्सालय भिंड में पदस्थ आउटसोर्स सपोर्टिंग स्टाफ का शोषण किया जा रहा है उनको शासन के नियमानुसार न्यूनतम मजदूरी दर से वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने जिला चिकित्सालय भिंड के सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल को दिए ज्ञापन में कहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वाल्मीकि ने बताया कि जिला चिकित्सालय भिंड में सपोर्टिंग स्टाफ का टेंडर लक्ष्य सिक्योरिटी एंड फेसिलिटी सर्विस आउटसोर्स एजेंसी को दिया गया था लेकिन एजेंसी द्वारा श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यालय कलेक्टर भिंड द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी दर अकुशल श्रमिक 8800/-, अर्द्धकुशल श्रमिक 9657/- , कुशल श्रमिक 11035/- रूपये से कम 6500/- रूपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जोकि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में दिए प्रावधानों का उल्लंघन है तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश क्रमांक एनएचएम/ एच.आर./ 2019/8786 दिनांक 13/08/ 2021 के अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों को अर्द्धकुशल श्रमिक की न्यूनतम मजदूरी दर से वेतन का भुगतान किया जाएगा लेकिन एजेंसी द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना कर मनमानी ढंग से वेतन का भुगतान किया जा रहा है तथा कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रकार की मांग करने पर कार्य से हटाने की धमकी दी जाती है जिससे कर्मचारी भय के माहौल में काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मांग पर सिविल सर्जन ने उक्त मामले की जांच करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहां जिला चिकित्सालय भिंड में किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा।



## रात के 11:00 बजे भरी ठंड में थैलेसीमिया बच्ची को किया ब्लड डोनेट हरि शरण गुप्ता जी ने

**अनिल कुशवाह**

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र से है जहाँ जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के सदस्य हरि शरण गुप्ता जी जोकि इनका ब्लड ग्रुप बहुत ही रेयर ब्लड ग्रुप है बी नेगेटिव यह ब्लड ग्रुप बहुत कम लोगों का पाया जाता है हरि शरण जी हर बार जरूरत पर ब्लड देने के लिए तैयार रहते हैं ऐसे ही इनको रात में टाइम मिला तो मेरे एक निवेदन पर हरि शरण गुप्ता जी ने बी नेगेटिव थैलेसीमिया मुस्कान पाल को ब्लड डोनेट किया मुस्कान पाल थैलेसीमिया बीमारी से जूझ रही है और इसको 10 से 15 दिन के अंदर इस बच्ची को ब्लड लगता है जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है हरि शरण गुप्ता जी का रक्तदान महादान यह देता दूसरों को नया जीवनदान।




## महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने पहलवानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु।** क्रीड़ा भारती मैसूरु के तत्वावधान में आयोजित क्रीड़ा सप्ताह के अंतर्गत खेले गए समस्त विजेता खिलाड़ियों को समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोत ने पहलवानो की हौसला अफजाई कर पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य क्रीड़ा भारती सम्मेलन निमित भारतीय शैली कुश्ती संघ द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता का मुकाबला रखा गया द्य जिसमे लगभग 160 पहलवानों ने भाग लिया द्य इस आयोजन के अध्यक्ष विधायक एल.नागेंद्र,मुख्य अतिथि विधायक तनवीर सेट ,समाजसेवी बनूर डॉ. महेंद्रसिंह राजपुरोहित,अध्यक्ष क्रीड़ा भारती मैसूरु जिला आयोजनकर्ता पहलवान अमृत पुरोहित सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## विधायक प्रतिनिधि प्रशांत जैन ने किया नगर परिषद देवेंद्र नगर का औचक निरीक्षण,25 कर्मचारियों में से 18 कर्मचारी 12 बजे तक कार्यालय से लापता

इन दिनों जब से नवागत सी एम ओ ने प्रभार लिया है तब से नगर परिषद देवेंद्र नगर में अराजकता का माहौल बना हुआ है यहां न तो स्वयं सी एम ओ समय पर कार्यालय पहुंचते है न ही कर्मचारी।जिससे आमजन का काफी समय इंतजार में बर्बाद होता है इस संबंध में शिकायत मिलने पर वर्तमान में नियुक्त नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि प्रशांत जैन ने स्वयं परिषद जाकर औचक निरीक्षण किया और लोगो की शिकायत को सही पाया। इस संबंध में सुधार हेतु उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए नगर परिषद में जिस तरह का माहौल बना हुआ है उसे देख का आसानी से समझा जा सकता है की आमजनता कितनी परेशान होगी यहां तक की नवागत सी एम ओ कभी आमजन का फोन तक नहीं उठाते और अगर गलती से उठा लें तो कलेक्टर से मीटिंग का बहाना बना कर फोन काट देते है।




आप को ज्ञात हो की ठंड में शीत लहर को देखते हुए संवेदनशील जिला कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे की भीड़ भाड़ वाली जगह पर अलाव जलाए जाए जिनके निर्देशों को अवमानना करते हुए अलाव नही जलाए जा रहे है जिसकी वजह से कुछ दिनों पहले एक अधेड़ की मौत भी हो चुकी है ।

### इनका क्या कहना है

लगातार शिकायतों के बाद मैने निरीक्षण किया जिसमे मात्र 7 कर्मचारियों का 12बजे तक उपस्थित होना गंभीर लापरवाही है इसके जिम्मेदार सी एम ओ हैं जो न तो मुख्यालय में निवासरत है न ही फोन पर जवाब देते है इस संबंध में उच्चाधिकारी से संपर्क कर सुधार हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए है

**प्रशांत जैन**

**विधायक प्रतिनिधि (नगर परिषद देवेंद्र नगर)**

**पन्ना से गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

## इंदिरा नगर में चलाया गया मिशन कोराना कंट्रोल अभियान

**नेनाराम सीरवी। पाली**

**पाली।** कोविड-19 की बढ़ती महामारी को देखते हुए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के निर्देश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मिशन कोराना कंट्रोल महा अभियान के अंतर्गत कोराना वैक्सीनेशन किया जा रहा है ।पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत सांपा के राजस्व गांव इंदिरा नगर में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार कोराना टीकाकरण महा अभियान बड़े स्तर पर चलाया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर मिशन कोराना कंट्रोल अभियान के अंतर्गत लोगों को ज्यादा से ज्यादा उत्साहित किया जा रहा है। सरपंच धापू देवी ओड सहित हेमावास भाजपा मंडल महामंत्री भगवान सिंह ओड समाजसेवी धर्माराम ओड आदि सहित अपने लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा कोराना वैक्सीनेशन करवाने की अपील की गई



# भूमाफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें नेस्तनाबूद करें : मुख्यमंत्री

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**उज्जैन ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आयोजित कलेक्टर, कमिश्नर कान्फ्रेंस में प्रदेश के सभी संभाग के कमिश्नर एवं समस्त जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे भूमाफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें और उन्हें नेस्तनाबूद करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि भूमाफिया किसी भी स्थिति में न बच पायें, लेकिन कार्यवाही करते समय यह ध्यान रखें कि इससे आम जनता को कोई परेशानी न हो। वास्तविक भूमाफियाओं पर ही कार्यवाही हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नगरीय प्रशासन के तहत स्वच्छता के सम्बन्ध में सभी जिलों को प्राप्त रेटिंग की समीक्षा की। देश में इन्दौर स्वच्छता के मामले में प्रथम स्थान पर है तथा उज्जैन जिला 12वे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने समस्त कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने जिले में अगले एक माह तक अपने जिले को स्वच्छ बनाने के लिये जुट जायें। मध्य प्रदेश को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर वन प्रदेश बनायें। उन्होंने कहा कि इसके लिये सभी जिलों की रेटिंग की जायेगी। अच्छा कार्य करने वाले कलेक्टर को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे अपने

### म.प्र.स्वच्छता में देश में अव्वल आये इसके लिये सभी कलेक्टर कार्य करें, महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराध को रोकना पहली प्राथमिकता हो- श्री चौहान

जिले को स्वच्छ बनाने के लिये जनप्रतिनिधि एवं धर्मगुरूओं को भी शामिल करें। इन्दौर को मॉडल मानकर कार्य करें। पूरा फोकस शहर की स्वच्छता पर रखें।

मुख्यमंत्री ने कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर सख्ती से लगाम लगाई जाये। महिलाओं के प्रति अपराध करने वाले अपराधी किसी भी स्थिति में न बच पायें। उनके विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर सजा दिलाई जाये। कोई भी अपराधी न छूटे। उन्होंने निर्देश दिये कि एक अभियान चलाकर सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में गरीबों के राशन की कालाबाजारी न हो। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में गरीबों के राशन की कालाबाजारी हो रही है। ऐसी कालाबाजारी को सख्ती से रोका जाये। कालाबाजारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध चोर बाजार अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाये। गड़बड़ी करने वाली समितियों एवं राशन दुकानों पर भी कार्यवाही हो। मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे बन्द या खराब हैं, उन्हें तत्काल बदल कर नया लगाया जाये। श्री चौहान ने बताया कि जल्द ही मेरा थाना सबसे अच्छा और मेरा जिला सबसे अच्छा की प्रतिस्पर्धा होगी। इसमें प्रथम आने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा।




मुख्यमंत्री ने कलेक्टर आशीष सिंह से शहर की सड़कों एवं महाकाल प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अवगत कराया कि मांग के अनुसार सारी सड़कें बन चुकी हैं। नई सड़क की मांग नहीं है। सीवरेज लाइन के कारण शहर की सड़क जो उखड़ गई है, उन सड़कों को पुनः बना दिया जायेगा। महाकाल प्रोजेक्ट का पहला चरण 15 फरवरी तक पूरा कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने नकली घी, मावा बनाने वाली फैक्टरियों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज जल जीवन मिशन के कार्यों, धान उपार्जन, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की रणनीति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कोविड टीकाकरण, अस्पतालों में बेड की उपलब्धता एवं आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। उन्होंने अडॉप्ट आंगनवाड़ी अभियान एवं जनसहभागिता से निजी स्पाँसरशिप कार्यक्रम के संचालन के सम्बन्ध में, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जातियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने की कार्यवाही की समीक्षा की। साथ ही पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने वीसी में जल जीवन मिशन के तहत प्रचारित एकल ग्राम नल जल योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गांव में रेट्रो फिटिंग का प्रगतिरत कार्य आगामी 31 मार्च तक पूरा करें। इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। मुख्यमंत्री ने समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। पूर्ण की गई नल जल योजनाओं का जनवरी माह के अन्त तक लोकार्पण किये जाने के निर्देश दिये गये। हर घर जल ग्रामों का भौतिक सत्यापन 31 जनवरी तक कराये जाने के निर्देश दिये।

धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि किसानों को भुगतान समय-सीमा पर किये जायें। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये जिला स्वास्थ्य समिति के दायित्व और आरसीएच पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं हाईरिस्क चिन्हांकन की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर जिलों की प्रतिमाह रेंकिंग की जायेगी।

शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर की गई रेंकिंग में उज्जैन प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान में कोविड टीकाकरण की समीक्षा, अस्पतालों में बेड्स की स्थिति और आयुष्मान कार्ड की स्थिति की समीक्षा की गई। वीसी में जानकारी दी गई कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को दी जाने वाली मेडिकल किट के बारे में समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इनका विधिवत पालन किया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत अडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस योजना को जन-आन्दोलन का स्वरूप देने के लिये मुख्यमंत्री ने कहा। निजी स्पाँसरशिप जन-सहभागिता से लाभान्वित बच्चों में उज्जैन में शत-प्रतिशत कार्य हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई भी बच्चा, जिसके पालक नहीं है, वह बेसहारा नहीं रहना चाहिये। मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर इस ओर विशेष ध्यान दिया जाये। विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति के प्रमाण-पत्र की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि विमुक्त जातियों के व्यक्तियों के पहचान-पत्र स्थानीय निकायों के माध्यम से जारी कराये जायें। विमुक्त जातियों के फेरीवालों के पहचान-पत्र नगरीय निकायों के माध्यम से जारी कराये जायें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान संभागायुक्त संदीप यादव, पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ल, आयुक्त नगर निगम अंशुल गुप्ता सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए एक समान रूप दे रही है: डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

**भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी समाज का सम्मान कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया : डॉ राजकुमार सिंह कुशवाहा**

**सहकारिता मंत्री ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपुरा में करोड़ रुपए के लागत के कई निर्माणकार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया अटेर क्षेत्र के दूसरे दिन अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तह ग्राम पंचायत दीनपुरा, मिरचौली रानी विरगवां, ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों करोड़ों रुपए की लागत से कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि लोकार्पण /भूमिपूजन के अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप कार्य कर रही है। सभी इलाकों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश, आवागमन के लिए अच्छी सड़के आदि सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चम्बल एक्सप्रेस-वे को अटल प्रगति पथ का जो नया नाम दिया गया है उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बताया कि अटल प्रगति पथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एक्सप्रेस-वे से मिलेगा। राज्य शासन इसके आसपास इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करेगा जिससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

*किसानों को गुणवत्ता आधार पर सत्ता बीच उपलब्ध कराने की प्राथमिकता होगी*

इस अवसर पर मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री प्राप्त डॉक्टर राजकुमार सिंह कुशवाहा ने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुसार किसानों को सस्ते से सस्ता बीच उपलब्ध कराने की उनकी



प्राथमिकता रहेगी सभी फसलों का बीज उत्तम एवं गुणवत्ता आधार पर किसानों को मिले इसके लिए सिग्री विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर आयोजित की जा रही है 7 मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह सरकार आपके साथ हमेशा खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी 7 मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि जिन्होंने मुझे और मेरे समाज पिछड़ा वर्ग समाज से व्यक्तियों को नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया और कांग्रेस ने हमेशा समाज के साथ धोखा कर समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने अपने लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के तहत अटेर की ग्राम पंचायत विरगवां में 26 लाख 76 हजार की लागत के तीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जहां 20 लाख की लागत के सामुदायिक भवन, 3 लाख 43 हजार की लागत से सामुदायिक भवन शौचालयों का लोकार्पण एवं 3 लाख 33 हजार लागत के कचरा प्रबंधन शॉर्ट का लोकार्पण किया द्य दीनपुरा में मिरचौली पहुंच मार्ग 21 लाख 17000 से अधिक सीसी रोड का लोकार्पण किया द्यग्रामीण जनों ने सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर राजकुमार सिंह भदोरिया का बड़ी माला पहनाकर भव्य उनका स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया और वहीं उन्होंने कन्या पूजन भी किए इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव अटेर जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष थान सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया ग्राम पंचायत नायब सरपंच शुगर सिंह नरवरिया मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल अशोक सिंह बघेल ग्राम पंचायतों के सरपंच पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन भारी संख्या में मौजूद थे दीनपुरा के ग्राम मिरचौली से कनकुरा मार्ग का भूमिपूजन रानी विरगवां में विकास कार्यों का लोकार्पण फूप समन्ना बरही में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया अटेर विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद फूप में एक करोड़ की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण किया और 1 करोड़ 99 लाख 72 हजार रुपए से वार्ड क्र. 15 , वार्ड क्र. 2 , वार्ड क्र. 3 में सी.सी रोड , 34.74 लाख रुपए से वार्ड क्र. 15 में नाला निर्माण , 25 लाख से वार्ड क्र.14 में आर.टी.ओ. कॉलोनी में सुलभ काम्प्लेक्स और 15.17 लाख रुपए से अटेर रोड से रेलवे क्रासिंग तक डब्लू वी एम रोड आदि का शिलान्यास किया ।

**सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद भदौरिया आज ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचेंगे**

रानीपुरा 21 जनवरी को 11ः00 बजे मटघाना 12ः30 सकराया 2ः00 बजे गजना 3ः00 बजे दुल्हागन 4ः00 बजे मढैयापुरा पहुंचकर शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन एवं सड़क मार्ग तथा अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे द्य

# शिवपुरी के आनंद ग्राम रातौर में हुआ सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र के राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के समस्त जिलों के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अध्यात्म विभाग शिवपुरी की टीम के सहयोग से इस ग्राम में महिलाओं के लिए विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में आनंदम सहयोगी प्रीति तिवारी के सहयोग से ग्राम की महिलाओं के बीच लोकगीत तथा भजन-गायन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को स्वल्पाहार वितरण किया गया। इसी प्रकार गुरुवार को डीपीएल प्रेम प्रकाश सिरोलिया, आनंदम सहयोगी प्रीति तिवारी तथा ग्राम के सक्रिय आनंदक प्रमोद रावत के सहयोग से महिलाओं के बीच रस्साखींच प्रतियोगिता संपन्न की गई। ग्राम की समस्त महिलाओं ने अत्यंत प्रसन्नता से इस खेल में सहभागिता की। इसी ग्राम में 21 जनवरी को महिलाओं के बीच कुर्सी-दौड़ प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# पूरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में सो रहे पिता और पुत्र को मारने, तलवार और फरसा से किया हमला

**पिता और पुत्रों को दबंगों ने की मारपीट।**

**शिवपुरी-**खबर शिवपुरी के बड़ौदी क्षेत्र से है जहां पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर पर सो रहे पिता और दोनो पुत्रो पर तलवार और फरसा से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके चलते तीनो को बहुत गंभीर चोटें आई जिसके चलते पिता और दोनों पुत्र जिला अस्पताल में भर्ती है।

जानकारी के अनुसार बता दें कि मोहर सिंह यादव अपने पिता नक्टू राम यादव और अपने भाई नीलम यादव जो 20 जनवरी की रात लगभग 3 बजे की घटना है जहां मोहर सिंह यादव अपने घर पर था तभी प्रभु दयाल शर्मा बृजेंद्र शर्मा सोनू शर्मा और एक अन्य व्यक्ति था जो लगभग 10 से 12 अन्य लोगों के साथ मिलकर आए थे। जिसे वह नहीं जानता, वहीं आपको बता दें कि नीलम यादव की पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर दरवाजे पर मारपीट कर रहे थे। जिसके चलते पिता नक्टू राम यादव



का हाथ टूट गया, पुत्र नीलम यादव जिसके सर पर धारदार हथियार से प्रहार करके के कारण सिर में कई टांके भी आए है और वहीं पुत्र मोहर सिंह यादव जिसके यहां फरसा से हमला कर छाती पर बार करने से गंभीर चोटें आई है। दबंगों द्वारा पुलिस परिवार के घर के बाहर पुरानी रंजिश के चलते बहुत मां बहन की गंदी गंदी गालियां देते रहे और धमकी भी देखे गए कि अगर किसी ने भी हमारी थाने पर रिपोर्ट लिखवाने गए तो उसको जान से मार कर खत्म कर दिया जाएगा घटना के समय मौके पर मौजूद दुर्गेश यादव गौर राजेंद्र गुर्जर थे जिन्होंने बीज बचाओ भी किया लगभग सुबह के 3ः30 बजे के करीब पीड़ित परिवार थाने आकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई वही जब इस मामले में कोतवाली टीआई सुनील खेवरिया जी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही थी और इसके अलावा हाल ही दोनों पक्षों में कुछ कहासुनी को लेकर झगड़ा बढ़ गया पुलिस द्वारा की गई कायमी पर जांच की जा रही है

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**खण्डवा ।** जिले के ग्राम टाकली कला में कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक मेला सह प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष पंधाना श्रीमती कंचन बाई एवं सरपंच टाकलीकला मुकेश पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक वाय.के. शुक्ला द्वारा कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी, जिसमें उन्होंने मिट्टी परीक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं कृषकों को मृदा परीक्षण से होने वाले लाभ एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में बताया। कृषि वैज्ञानिक श्री एम.के. गुप्ता द्वारा विभिन्न फसलों की कार्यमाला के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं रबी फसलों की क्रान्तिक अवस्थाओं में सिंचायी के बारे में जानकारी दी गयी एवं कृषकों की समस्याओं व प्रश्नों का तत्काल समाधान किया गया।

कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि श्रीमती कविता गवली द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में समझाइश देकर कृषकों को मृदा परीक्षण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में कार्यरत कृषि विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह दादोरिया द्वारा कृषकों को मिट्टी परीक्षण के लिए मृदा नमूना लेने की विधि विस्तार से समझायी। कार्यक्रम में उसंचालक कृषि के. सी. वास्केल, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भूरे सिंह निंगवाल, अनुविभागीय अधिकारी कृषि लोकेन्द्र मंडलोई,सहायक संचालक कृषि लक्ष्मण सिंह निंगवाल,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीराम बावने, कृषि विकास अधिकारी ईश्वर वास्कले ,तकनीकि सहायक धीरेन्द्र राजावत आदि उपस्थित थे।

# रेमडेसिविर इंजेक्शन की चोरी के मामले में अदालत ने दिए रिपोर्ट पेश करने के आदेश

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के स्टोर रुम से चोरी गए रेमडेसिविर इंजेक्शन के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट रोहित श्रीवास्तव ने क्राईम ब्रांच को 14 फरवरी को स्टेटस रिपोर्ट अदालत पेश करने के आदेश दिए हैं। विधायक आरिफ मसूद ने दोषी अधिकारियों एवं हमीदिया अस्पताल प्रबंधन के नाम उजागर कर उन्हें आरोपी बनाए जाने को लेकर मप्र हाई कोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने 21 जून 21 को पुलिस को आदेश दिए थे कि अभियोग पत्र अदालत में पेश करें। परंतु 6 माह की अवधि गुजर जाने के बावजूद भी पुलिस ने अदालत में अभियोग पत्र पेश नहीं किया।

# एनएसयूआई ने किया शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव—** आज मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर के नेतृत्व में उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया ,कोरोना महामारी के चलते ऑफलाइन परीक्षा करवाई जा रही है जोकि छात्रों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अंकित तोमर ने कहा एनएसयूआई मांग करती है कि ओपन बुक पद्धति से परीक्षाएं करवाई जाए क्योंकि 1 साल से सभी क्लासेस ऑनलाइन लग रही है तो छात्र ऑफलाइन एग्जाम कैसे दे सकता है एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि जब तक बीजेपी सरकार ऑफलाइन परीक्षा की घोषणा नहीं करते हैं तब तक बीजेपी के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे ।



जिला प्रवक्ता रोहित शुक्ला बोले परीक्षा जरूरी हैं या छात्रों की जान जब शिक्षा मंत्री ऑनलाइन मीटिंग लेते हैं तो छात्रों को ऑफलाइन परीक्षा क्यों छात्रों का भविष्य खतरे में क्यों डाल रहे हैं ।

नगर अध्यक्ष अभिषेक ने कहा भाजपा सरकार हमेशा छात्रों की विरोधी रही है। जिसमे उपस्थित नगर अध्यक्ष अभिषेक भदौरिया,डब्बू पंडित, विधानसभा उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, मोहित परमार, सचिन बैश मीडिया प्रभारी, श्यामू गुर्जर, अंशु भदौरिया,विधानसभा सचिव अंशुल शुक्ला, सूरज पचौरी , मनीष गुर्जर ,आनद भदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों की मेंटरिंग आवश्यक

**इन्दौर।** शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों के सहयोगी मार्गदर्शन (मेंटरिंग) की आवश्यकता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों की मेंटरिंग के लिए नेशनल मेंटरिंग मिशन द्वारा तैयार की जा रही ब्लू बुक और उसके विभिन्न अध्याय तथा सार से अवगत कराया। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस. ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के द्वारा तैयार की जा रही मेंटरिंग ब्ल्यू बुक के प्रारुप पर विमर्श के लिए हुई वर्चुअल कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला के निष्कर्षों के आधार पर नेशनल मेंटरिंग मिशन द्वारा तैयार की जा रही ''मेंटरिंग ब्ल्यू बुक'' के प्रारुप को अंतिम रुप प्रदान किया जायेगा। कार्यशाला में पैनल चर्चा के दौरान एनसीटीई के प्रतिनिधि ने मेंटरिंग के लिए इस पहल को बाटमअप एप्रोच बताया। और एनईपी के क्वालिटी फोकस से जोड़ कर प्रस्तुत किया। पीपल संस्था की एजुकेशन डायरेक्टर ने अपने लंबे मेंटरिंग अनुभवों को साझा किया।

# धन्य है उच्च शिक्षा विभाग, लाखो का गबन, कार्यवाही के नाम पर साल भर केवल जांच!

**देवेंद्र नगर साशकीय महाविद्यालय का मामला**

देवेंद्र नगर के शासकीय महाविद्यालय में पूर्व प्रभारी प्राचार्य अभिताभ पांडे ने जालसाजी करके म प्र भोज मुक्त वि वि शिक्षा केंद्र के अक्टूबर 2020 में 2 लाख रुपए अपने निजी खाते में डाल कर डकार लिए। महाविद्यालय की कैश बुक की जांच में पाया गया कि दिसंबर 2019 में जन भागीदारी खाते से तीन बार में लगभग 9 लाख रुपए अपने निजी खाते में डालकर उसका निजी प्रयोग कर लिया। पिछ्ले वर्ष जनवरी में कदाचरण की गम्भीर शिकायतों की पुष्टि के बाद प्राध्यापक को प्रभारी पद से हटा दिया गया था तब अग्रणी कॉलेज( छत्रसाल पी जी कॉलेज पन्ना) के प्राचार्य डा अरविन्द खरे द्वारा जांच में गबन के साक्ष्य पाए जाने पर उन्होंने मामले को तत्काल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ,अतिरिक्त संचालक सागर, कलेक्टर पन्ना को सितंबर 2021 में ही पत्र और व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से सूचित कर दिया था। उन्होने गबन के आरोपी अभिताभ पाण्डेय पर तत्काल एफआईआर दर्ज करवाने हेतु अनुमति मांगी थी पर महीनो बीत जाने के बाद भी भोपाल के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही की गई जिससे ये




अनुमान लगाया जा सकता है कि उच्चाधिकारी या तो इस गबन के पैसे में हिस्सेदार हैं या अपने कार्य के प्रति नकारेपन से भरे हुए हैं अन्यथा अग्रणी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सारी जांच और सबूत जुटा लेने के बाद केवल एफआईआर की अनुमति चाही गई थीं उस पर भी उच्च शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज़ कराने का आदेश न दिया जाना संदेह के घेरे में माना जा रहा है।

जिस आरोपी को बचाने की कवायद में सारा उच्च शिक्षा विभाग एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है उस अभिताभ पाण्डेय का वर्तमान व पूर्व का इतिहास काले पन्नो से रंगा हुआ है। वह अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में कापियों के मूल्यांकन में गंभीर अनियमितताओं पर तात्कालिक आयुक्त द्वारा समस्त परीक्षा कार्यों से प्रतिबंधित किया गया था, बलात्कार जैसे संगीन आरोपों की वजह से जेल की हवा खा चुका है , वहीं उसके विरुद्ध दो पत्नी रखने का मामला भी सही पाया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी किस कदर बेपरवाह और मनमौजी हैं इसका



अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री कर्यालय से ही नही पत्राचार हुआ बल्कि मामला, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ,बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा के संज्ञान में होने के बावजूद भी आरोपी के विरुद्ध शासन महीनो से एफआईआर दर्ज़ करने की अनुमति जारी नही कर सका। इस संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से जानकारी ली गई तो सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी दूसरे के सर मढ़ते नजर आए

**किसका क्या कहना है-**

अभिताभ पांडे ने लगभग 11 लाख रुपए का गबन किया है जिसकी जांच उपरांत मैने उच्च शिक्षा विभाग में आयुक्त महोदय,प्रमुख सचिव महोदय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक और जिला कलेक्टर महोदय से पत्राचार के माध्यम से सारी बात रख कर एफआईआर की अनुमति मांगी थी पर 4 माह बीतने के बाद भी कोई आदेश नही आया जबकि ऐसे मामलो में तत्काल निलंबित कर जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए थी।

**डा अरविन्द खरे**
प्राचार्य छत्रसाल शासकीय पी जी कॉलेज (अग्रणी कॉलेज) पन्ना

अभिताभ पाण्डेय की शिकायत संबंधी फाइल भोपाल से आई हुई है इनकी पहले भी बहुत शिकायते आई हैं। मैने जांच के लिए आदेश दिए है, डा अरविन्द खरे के डॉक्यूमेंट्स के आधार पर ही जांच के आदेश जारी किए गए है, ये एक विभागीय प्रकिया है जिसका अपना एक तरीका होता है, मेरी कार्यवाही में कोई कोताही नहीं होगी अगर वित्तीय अनियमितता सिद्ध होती है तो विभाग उन्हे जरूर दंडित करेगा जो जांच रिपोर्ट आएगी उसी आधार पर उच्च शिक्षा विभाग भोपाल को मामला भेज दिया जाएगा। आयुक्त महोदय को तय करना है की क्या कार्यवाही की जाए, कार्यवाही करना मेरे क्षेत्राधिकार में नहीं है पहले की शिकायतों पर भी मैंने विभाग को लिखा था पर पता नही ये कैसे बच जाता है।

**डा जी एस रोहित**
**क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक**
**उच्च शिक्षा विभाग, सागर**

अभिताभ पाण्डेय की शिकायत की फाइल देख कर कार्यवाही के संबंध में जानकारी लेता हूं।

**आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,**
**सतपुड़ा भवन, भोपाल**

अभी इस संबंध में कोई प्रस्ताव या शिकायत मेरे पास नहीं आई है। जब शासन स्तर पर बात आएगी तो कार्यवाही की जाएगी वैसे भी मेरे ऊपर डिप्टी सेकेट्री ,पी एस, और माननीय मंत्री महोदय है मैं एक छोटा सा अधिकारी हूं निर्णय उन्हे ही लेना है।

**वीरन सिंह भलावी**
**अवर सचिव**
**बल्लभ भवन, भोपाल**

**पन्ना से जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

# आमलोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए निगम द्वारा 50 से अधिक स्थानों पर जलाए जा रहे हैं अलाव



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम जनों को भीषण सर्दी से राहत दिलाने के लिए शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, विभिन्न रैन बसेरों, मुख्य बाजारों, शासकीय अस्पतालों, बस स्टेन्ड, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में अलाव जलाकर राहत दी जा रही है।

नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम के पास विभाग द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर अलाव जलाकर नागरिकों को भीषण सर्दी से राहत प्रदान की जा रही है। निगम द्वारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1, बस स्टैंड, थाटीपुर चौराहा, बारादरी चौराहा, एमएस चौराहा, बालाजी धाम घासमंडी, संजय पार्क, तिकोनिया चौराहा, अग्रसेन चौराहा, सिविल हॉस्पिटल परिसर मुरार, जच्चा खाना हॉस्पिटल परिसर मुरार, 6 नंबर चौराहा, 7 नंबर चौराहा, सीपी कॉलोनी चौराहा, पेट्रोल पंप के सामने हाकर्स जोन, द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर, फूलबाग चौराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के सामने, अचलेश्वर चौराहा, शिंदे की छावनी, जयारोग्य अस्पताल परिसर में 4 स्थानों पर, कमलाराजा अस्पताल परिसर में 4 स्थानों पर, महावीर भवन के सामने कंपू, महाराज बा?ा, सराफा बाजार पुलिस चौकी के पास, एलआईसी चौराहा तानसेन रोड, एसबीआई बैंक चौराहा तानसेन रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4, हजीरा चौराहा, बिरला नगर अस्पताल परिसर, सिविल अस्पताल हजीरा, चार शहर का नाका चौराहा, किलागेट चौराहा, घासमंडी चौराहा, चंदन नगर चौराहा, शील नगर चौराहा, बहो?ापुर चौराहा, आनंद नगर चौराहा, चू?ी बाजार हजीरा एवं पाताली हनुमान चौराहा तानसेन रोड सहित सभी रैन बसेरों पर एवं अन्य स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।



## सीएम हैल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चार अधिकारियों को किया जाएगा सम्मानित

**संपूर्ण मध्य प्रदेश के टॉप टेन अधिकारियों में नगर निगम ग्वालियर के आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा 876 तथा अपर आयुक्त संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन श्री आरके श्रीवास्तव द्वारा 13 96 शिकायतें बंद कराई गई। सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चार अधिकारियों को किया जाएगा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित**



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम ग्वालियर के चार अधिकारियों उपायुक्त श्री ए पी एस भदौरिया, नोडल अधिकारी सीवर श्री राजेंद्र सिंह भदोरिया, नोडल अधिकारी विद्युत श्री देवी सिंह राठौड़ एवं नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन डॉ प्रदीप श्रीवास्तव को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।संपूर्ण मध्य प्रदेश के टॉप टेन अधिकारियों में नगर निगम ग्वालियर के आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा 876 तथा अपर आयुक्त संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन श्री आरके श्रीवास्तव द्वारा 13 96 शिकायतें बंद कराई गई

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड 48 बजरंगगढ की पुलिया एवं वार्ड 4 कोटेष्वर मंदिर के पास कचरा ठिया किया समाप्त

ग्वालियर।स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पंहुचाने एवं ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्ड स्तर पर विभिन्न नवाचारों के माध्यम से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जहां एक ओर वर्षों पुराने कचरा ठियों को साफ कर उन स्थलों को आकर्षक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आमजनों को भी सडक के किनारे या चौराहे पर कचरा न फेंककर घर या दुकान का कचरा केवल निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में निगम के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी द्वारा यही प्रयास किया जा रहा है कि हमारा ग्वालियर सबसे स्वच्छ ग्वालियर कैसे बने। इसी क्रम में स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, वार्ड मॉनिटर श्री राजेश रावत एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह, स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद धौलपुरिया के निर्देशन में डब्ल्यूएचओ श्री लक्ष्मण घई, द्वारा वार्ड क्रमांक 48 में बजरंगढ की पुलिया, हेमसिंह की परेड के पास बने कचरा ठिया समाप्त कराया गया तथा क्षेत्र के नागरिकों से यहां कचरा न डालने की अपील की गई। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी श्री श्रीकृष्ण शर्मा एवं एएचओ श्री पवन धवल के प्रयास से डब्ल्यूएचओ श्री विनोद खरे द्वारा जॉन एक वार्ड 4 विनय नगर स्टोर एरिया कोटेश्वर मेन रोड पर कचरा ठिया समाप्त करवा कर रंगोली बनाई गई। क्षेत्र के नागरिकों से यहां कचरा न डालने की अपील भी क्षेत्र के निवासियों के यहां जाकर की गई।

### नगर निगम ग्वालियर ने लगातार दूसरी बार सीएम हेल्पलाइन मैं ड्ड ग्रेड प्राप्त किया तथा 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा दिसम्बर 2021 माह में 4481 शिकायतों में से3491 शिकायतों का निराकरण नागरिकों की संतुष्टता के साथ बंद कराया है। इसके लिए नगर निगम ग्वालियर की सभी अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। जिसमें उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया ने पेयजल की, सीवर सेल के श्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने अपने विभागों की शत प्रतिशत शिकायतों का निराकरण किया गया तथा 90 फीसदी शिकायतें नागरिकों की संतुष्ठी के साथ बंद की गई।




# जियो साइंस म्यूजियम की गैलरियां शीघ्र प्रारंभ करें आमजनों के लिए: केन्द्रीय सचिव श्री टंडल



### जियो साइंस ऑफ इंडिया के सचिव ने की जियो साइंस म्यूजियम की समीक्षा

ग्वालियर। जियो साइंस ऑफ इंडिया के सचिव श्री आलोक टंडन ने ग्वालियर के महाराज बाडे पर बन रहे जियो साइंस म्यूजियम की प्रगति की समीक्षा गूगल मीट के माध्यम से की तथा संबंधित ऐंजेन्सी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि म्यूजियम की गैलरी-1 एवं गैलरी-2 का कार्य पूर्ण कर शीघ्र उसे आमजनता के अवलोकन के लिए प्रारंभ करें। समीक्षा बैठक में मप्र पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला, जीएसआई की ओर से श्री हेमराज सूर्यवंशी, श्री तपन पाल, नगर निगम से नोडल अधिकारी श्री पवन सिंघल, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री महेंद्र अग्रवाल, प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री पवन शर्मा, श्री जोहेब सिद्दीकी एवं ठेकेदार प्रतिनिधि श्री संजय मित्तल उपस्थित रहे।

बालभवन में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक जियो साइंस ऑफ इंडिया के सचिव श्री आलोक टंडन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में म्यूजियम का कार्य वर्क प्लान अनुसार करते हुए जीएसआई एवं सीएमडी को अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में म्यूजियम की आंतरिक गैलरियों के साथ ही अन्य कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

ज्ञात हो कि दिनांक 4 जून 2010 को हुए अग्निकांड में महारानी लक्ष्मीबाई विक्टोरिया मार्केट का अधिकांश भाग क्षतिग्रस्त होने के कारण ऐतिहासिक भाग को मूल स्वरूप में लाने हेतु इंटेच से राशि 5.60 करो? की लागत से पुनर्निर्माण किया गया। खनन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई विक्टोरिया मार्केट में विश्वस्तरीय जीएसआई म्यूजियम स्थापित करने हेतु राशि 34 करोड रुपए की स्वीकृति की जाकर नगर निगम ग्वालियर से एमओयू किया गया। नगर निगम ग्वालियर द्वारा म्यूजियम स्थापना हेतु ऐतिहासिक भवन जीएसआई के सुपुर्द किया गया तथा जीएसआई के अनुरोध पर 4.56 करो? के सिविल एवं विद्युत कार्य को नगर निगम ग्वालियर द्वारा कराया जा रहा है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने का करें प्रयास- मुख्यमंत्री श्री चौहान

**सीवरेज परियोजनाओं के कार्य समय पर पूर्ण करें**
**कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के द्वितीय-सत्र में नगरीय क्षेत्रों के विकास पर चर्चा एवं समीक्षा**

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश को वर्ष 2022 में स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए स्थानीय निकाय, प्रत्येक नगर और ग्राम में सार्वजनिक स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और कचरा प्रबंधन के कार्यों के लिए ईमानदार प्रयास करें। वर्ष 2021 के स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश देश में तीसरे क्रम पर रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर यह प्रयास करें कि शहरों की स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग हो। स्वच्छता को जन-आन्दोलन बनाया जाए। मैं स्वयं भी झाड़ू लेकर निकलूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर देश में प्रथम स्थान पर रहा है। इंदौर जिले के 9 निकायों में भी स्वच्छता में आगे रहने पर इंदौर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी रैंक मिली है। इंदौर अब स्वच्छता में देश के लिए आयकॉन बन चुका है। संभवतः आगामी वर्ष इंदौर को स्वच्छता की स्पर्धा में भी नहीं लिया जाएगा। ऐसे में प्रदेश के अन्य बड़े नगर अधिक स्वच्छ बनें, अपनी रैंक सुधारें। यह मध्यप्रदेश के लिए एक नई उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और बुरहानपुर को स्वच्छता में जिला स्तर पर पूरे देश में क्रमशः दूसरे, सातवें, दसवें, बारहवें और सोलहवें स्थान पर आकर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए बधाई दी।

**मध्यप्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में स्थान दिलवाने के प्रयास**

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की कार्यवाहियों की समीक्षा कॉन्फ्रेंस में की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में इंदौर ओडीएफ प्रमाणीकरण और वॉटर प्लस श्रेणी में प्रथम रहा है। कुल 74 निकायों को ओडीएफ प्लस और 295 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस श्रेणी में शामिल किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए जिलों की भी रैंकिंग होगी और कलेक्टर्स को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रदेश के 378 नगरीय निकायों को ओडीएफ डबल प्लस, सभी नगर निगमों को 5 स्टार और शेष सभी निकायों को न्यूनतम 3 स्टार की रेटिंग दिलवाने का प्रयास है। प्रेरक दौर सम्मान गत वर्ष देश में 70 निकायों को मिला था। इस वर्ष मध्यप्रदेश की सभी नगर निगम न्यूनतम गोल्ड और शेष निकाय न्यूनतम सिल्वर श्रेणी में आएँ, ऐसा प्रयास किया जाए।

**अच्छी हों स?कें, मेंटेनेंस भी किया जाए**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी नगरों में सड़कें बेहतर हों। नगरीय क्षेत्र की स?कों तथा अन्य सभी प्रकार के स?क मार्गों के मेंटेनेंस (संधारण) पर भी ध्यान दिया जाए।

## होम लोन के ब्याज पर 5 लाख तक टैक्स डिडक्शन किया जाए एवं रीयल एस्टेट सेक्टर में अफोर्डेबल हाउसिंग संबंधी आयकर के प्रावधान में संशोधन किया जाए :एमपीपीसीआई

### केन्द्रीय वित्तमंत्री-माननीय श्रीमती निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय मंत्रीद्वय-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया एवं माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित सांसद-माननीय श्री विवेकनारायण शेजवलकर को लिखा पत्र

ग्वालियर,। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि माननीया केन्द्रीय वित्तमंत्री-श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तावित आम बजट में शामिल करने हेतु आज एमपीसीसीआई द्वारा होम लोन के ब्याज पर 5 लाख तक टैक्स डिडक्शन किए जाने एवं रीयल एस्टेट सेक्टर में अफोर्डेबल हाउसिंग संबंधी आयकर के प्रावधान में संशोधन किए जाने की माँग करते हुए, निम्नानुसार पत्र प्रेषित किया गया है :-

* होम लोन पर 5 लाख हो टैक्स डिडक्शन : आयकर के सेक्शन 24 के अंतर्गत हाउसिंग लोन के ब्याज पर 2 लाख रुपये तक टैक्स डिडक्शन की लिमिट को बढ़ाकर 5 लाख किया जाना चाहिए । इसके अतिरिक्त प्रिंसिपल अकाउंट पर भी अलग से 1.50 लाख रुपये तक सालाना डिडक्शन का प्रावधान किया जाए । सेक्शन 80 में अलग से प्रिंसिपल अमाउंट पर यह छूट दी जाए । इससे अवश?य ही अफोर्डेबल हाउसिंग को बूस्ट मिलेगा । साथ ही, होम बॉयर्स को टैक्स में ब?ी राहत मिल सकेगी ।

डेवलपर्स को राहत दी जाए : कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित सेक्टर्स में से एक रीयल एस्टेट सेक्टर है । इसलिए आमबजट में इस इण्डस्ट्री को बूस्ट देने के लिए उपाए किए जाने आवश?यक है । अतः रियल एस्टेट सेक्टर में निर्माणाधीन अफोर्डेबल हाउसिंग के निर्माण एवं बिक्री में आ रही व्यवहारिक कमियों को दूर करने हेतु आयकर की धारा 80ढ्ढक्क के तहत निर्धारित प्रावधान में निम्नांकित संशोधन किए जाने की महती आवश्यकता है :-

1. यहकि, वर्तमान में इस श्रेणी के प्रोजेक्ट का विकास एवं निर्माण करने हेतु निर्धारित मापदंडों की पूर्ति करते हुए दि. 31 मार्च,2022 तक समस्त अनुज्ञा प्राप्त करने वाले को मान्यता प्राप्त करने की समय-सीमा के साथ लागू है, जिसे आगामी 31 मार्च,2025 तक के लिए बढ़ाया जाए । इससे सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री जी का देश को आश?वासन की विश?वसनीयता में अधिकांश लोगों को अपना घर होने का सपना साकार हो सकेगा ।

2. यहकि, वर्तमान में अफोर्डेबल हाउसिंग हाउस के लिए 'बी श्रेणी' के शहर में कारपेट एरिया 90 वर्गमीटर क्षेत्रफल की इकाई निर्धारित है, जिसमें म. प्र. भूमि विकास नियम,1984 के प्रावधानों के अनुसार बेडरूम, लिविंग रूम, टॉयलेट, किचन आदि के लिए प्रावधानित नाप व क्षेत्रफल के अनुसार प्लानिंग करने पर अधिकतम 2बीएचके प्रकार की इकाई निर्माण हो पाती है, जबकि 'वहम दो, हमारे दो÷ संख्या वाले परिवार की भी आवास पूर्ति हेतु न्यूनतम 3बीएचके वाली इकाई की आवश?यकता होती है, जिसकी प्लानिंग में कारपेट क्षेत्रफल को 90 वर्गमीटर से बढ़ाकर 105 वर्गमीटर किया जाना अत्यंत आवश?यक है ।

3. यहकि, वर्तमान में अफोर्डेबल हाउस की प्रति इकाई का मूल्यांकन अधिकतम 45 लाख निर्धारित किया गया है । भूमि एवं निर्माण लागत की बढ़ती महँगाई के दौर में यह कीमत अत्याधिक कम है, जिसमें कारपेट क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर पर सुपर बिल्ट अप न्यूनतम निर्मित होने वाला क्षेत्रफल 135त्न होकर 135 वर्गमीटर निर्मित होगा, जिसकी निर्माण लागत न्यूनतम राशि 30 लाख रुपये आएगी और शेष राशि 15 लाख रुपये में भूमि की कीमत एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु विकास कार्य लागत नहीं मिल पाती है, इसलिए इस श्रेणी की प्रति इकाई कीमत 60 लाख रुपये निर्धारित की जाना चाहिए ।

4. यहकि, भवन खरीदने वाले आमजन पर डेवलपर्स के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स का बोझ कम करने के लिए ठेकेदारी के समानान्तर वाली 12त्न जीएसटी श्रेणी को समाप्त करते हुए मात्र 1त्न अफोर्डेबल हाउसिंग एवं 5त्न जनरल केटेगरी वाली श्रेणी ही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की मंजूरी के साथ लागू होना चाहिए । बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट अभी अंडर कंस्ट्रक्शन रेजिडेंशियल यूनिट्स पर 5त्न जीएसटी और अफोर्डेबल हाउसिंग पर 1त्न है । वहीं कम्प्लीट यूनिट्स पर कोई जीएसटी नहीं है, जबकि सीमेंट पर 28 फीसदी और स्टील पर 18त्न जीएसटी है । कमोडिटी की कीमतों के साथ टैक्स भी बढ़ता जाता है ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478